पता सन्तोषपाल सिंह का

पास सन्तोषपाल सिंह के

अमर वाडी रूम नम्बर १२

खत्तार गली बम्बई नं० ४

ॐ

व
३३२

ॐ सहनाववतु सहनौ भुनक्तु सह
वीर्यं करवावहै।। तेजस्विनावधी
मस्तु माविद्विषावहै।। ॐ शान्तिः
शान्तिः शान्तिः।।१।।

ॐ सहनाववतु सहनौ भुनक्तु सहवीर्यं
करवावहै
तेजस्विनावधीमस्तु माविद्विषावहै
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः

अथ

॥ वेदांताडिंडिमप्रारंभः ॥

श्रीगणेशायनमः ॥ वेदांतडिंडिमास्त
त्वमेकमुद्घोषयंति यत् ॥ आस्तां पुर
स्तात्तत्तेजो दक्षिणामूर्तिसंज्ञितम् ॥ १ ॥
आत्मानात्मा पदार्थौ द्वौ भोक्तृभोग्य
त्वलक्षणौ ॥ ब्रह्मैवात्मा न देहादिरिति
वेदांतडिंडिमः ॥ २ ॥ ज्ञानाज्ञाने पदा
र्थौ द्वावात्मनो मुक्तिबंधदौ ॥ ज्ञाना
न्मुक्तिर्निबंधोऽन्यादिति वेदांतडिंडि

मः ॥ ३ ॥ ज्ञातृज्ञेयपदार्थौ द्वौ भास्य
भासकलक्षणौ ॥ ज्ञाता ब्रह्म जगज्ज्ञेय
मिति० ॥ ४ ॥ सुखदुःखे पदार्थौ द्वौ प्रि
यविप्रियकारकौ ॥ सुखं ब्रह्म जगद्दुःख
मिति० ॥ ५ ॥ समष्टिव्यष्टिरूपौ द्वौ
पदार्थौ सर्वसंमतौ ॥ समष्टिरीश्वरो
व्यष्टिर्जीवो वेदांतडिंडिमः ॥ ६ ॥ ज्ञा
नकर्मपदार्थौ द्वौ वस्तुकर्त्रात्मतंत्र

२ २

कौ ॥ ज्ञानान्मोक्षा न कर्मभ्य इति
वे० ॥ ७ ॥ श्रोतव्याश्राव्यरूपौ द्वौ
पदार्थौ सुखदुःखदौ॥श्रोतव्यं ब्रह्म नैवा
न्यदिति वे० ॥८॥चिंत्याचिंत्यपदार्थौ
द्वौ विश्रांतिश्रांतिदायकौ ॥ चिंत्यं ब्र
ह्म परं नान्यादिति वे० ॥ ९ ॥ ध्येया
ध्येये पदार्थौ द्वौ धीसमाध्यसमाधि
दौ ॥ ध्यातव्यं ब्रह्म नैवान्यदिति

वे० ॥ १० ॥ योगिनो भोगिनो वापि
त्यागिनो रागिणोऽपि च ॥ ज्ञानान्मो
क्षो न संदेह इति वे० ॥ ११ ॥ न वर्णा
श्रमसंकेतैर्न कर्मोपासनादिभिः ॥ ब्र
ह्मज्ञानं विना मोक्ष इति वे० ॥ १२ ॥
असत्यः सर्वसंसारो रसाभासादिदू
षितः ॥ उपेक्ष्यो ब्रह्म विज्ञेयमिति
वे० ॥ १३ ॥ वृथाक्रियां वृथालापान्

वृथावादान्मनोरथान् ॥ त्यक्त्वैकं ब्रह्म
विज्ञेयमिति वे० ॥ १४ ॥ स्थितो ब्रह्मा
त्मना जीवो ब्रह्म जीवात्मना स्थित
म् ॥ इति संपश्यतां मुक्तिरिति वे
दां० ॥ १५ ॥ जीवो ब्रह्मात्मनाज्ञेयो
ज्ञेयं जीवात्मना परम् ॥ मुक्तिस्तदै
त्यविज्ञानमिति वे० ॥ १६ ॥ सर्वा
त्मना परं ब्रह्म श्रोतुरात्मतया स्थित

म् ॥ नायासस्तत्वविज्ञमाविति
वे० ॥ १७ ॥ ऐहिकंचामुष्मिकं च
तापांतं कर्मसंचयम् ॥ त्यक्त्वा ब्रह्मैव
विज्ञेयमिति वे० ॥ १८ ॥ अद्वैतद्वैत
वादौ द्वौ सूक्ष्मस्थूलदृशां गतौ ॥ अ
द्वैतवादान्मोक्षः स्यादिति वे० ॥ १९ ॥
कर्मिणो विनिवर्तंते निवर्तंते उपास
काः ॥ ज्ञानिनो न निवर्तंत इति

वे० ॥ २० ॥ परोक्षासत्फलं कर्म ज्ञा
नं प्रत्यक्षसत्फलम् ॥ ज्ञानमेवाभ्यसे
त्तस्मादिति वे० ॥ २१ ॥ वृथाश्रमोऽयं
विदुषां वृथाऽयं कर्मिणां श्रमः॥यदि न
ब्रह्मविज्ञानमिति वे० ॥ २२ ॥ अलं
यागैरलं योगैरलं भुक्तैरलंधनैः ॥ पर
स्मिन्ब्रह्मणि ज्ञात इति वेदां० ॥२३॥
अलं वेदैरलं शास्त्रैरलं स्मृतिपुराणकैः॥

वे० परमात्मनि विज्ञात इति वे० ॥ २४ ॥ टिं०
९ नर्चा न यजुषार्थोऽस्ति न साम्नार्थो
ऽस्ति कश्चन ॥ जातेब्रह्मात्मविज्ञानइ
ति वे० ॥ २५ ॥ कर्माणिचित्तशुद्ध्यर्थं
मैकाग्र्यार्थमुपासना ॥ मोक्षार्थं ब्रह्मवि
ज्ञानमिति वे० ॥ २६ ॥ संचितागामि
कर्माणिदह्यंते ज्ञानवह्निना ॥ प्रारब्धा ९
नुभवान्मोक्ष इति वे० ॥ २७ ॥ नपु

ण्यकर्मणा वृद्धिर्न हानिः पापकर्मणा ॥
नित्यासंगात्मनिष्ठानामिति वे०॥२८॥
बुद्धिपूर्वाबुद्धिपूर्वकृतानां पापकर्मणा
म्॥प्रायश्चित्तमहोज्ञानमिति वे०॥२९॥
दृग्दृश्यौ तौ पदार्थौ द्वौ परस्परविल
क्षणौ ॥ दृग्ब्रह्मदृश्यं माया स्यादिति वे
दां० ॥ ३० ॥ अविद्योपाधिको जीवो
मायोपाधिक ईश्वरः ॥ मायाविद्यागु

णातीत इति वे० ॥ ३१ ॥ साकारं च
निराकारं निर्गुणं चागुणात्मकम्॥तत्त्वं
तत्परमं ब्रह्म इति वे० ॥ ३२ ॥ द्विज
त्वं विध्यनुष्ठानाद्विप्रत्वं वेदपाठतः ॥
ब्राह्मण्यं ब्रह्मविज्ञानादिति वे० ॥ ३३ ॥
सर्वात्मना स्थितं ब्रह्म सर्वं ब्रह्मात्मना
स्थितम् ॥ न कार्यं कारणाद्भिन्नमिति
वेदांत० ॥ ३४ ॥ सत्तास्फुरणसौख्या

नि भासंते सर्ववस्तुषु ॥ तस्माद्ब्रह्ममयं
सर्वमिति वे० ॥ ३५ ॥ अवस्थात्रितयं
यस्य क्रीडाभूमितया स्थितम् ॥ तदेव
ब्रह्म जानीयादिति वे० ॥ ३६ ॥ यन्ना
दौ यन्न नास्त्यंते तन्मध्ये भातमप्य
सत् ॥ अतो मिथ्याजगत्सर्वमिति
वे० ॥ ३७ ॥ यदस्त्यादौ यदस्त्यंते
यन्मध्ये भाति तत्स्वयम् ॥ ब्रह्मैवैकमि

वे० दंसत्यमिति वे० ॥ ३८ ॥ पुरुषार्थत्रया ह०
७ विष्टाः पुरुषाः पशवोध्रुवम् ॥ मोक्षार्थी
पुरुषः श्रेष्ठ इति वेदांत० ॥३९॥ घटकु
ड्यादिकं सर्वं मृत्तिकामात्रमेवच ॥ त
थाब्रह्मजगत्सर्वमितिवेदां० ॥ ४० ॥ ष
ण्निहत्यत्रयंहित्वाद्वयं भित्वाखिलाति
गम्॥एकंबुद्ध्वाश्रुतेमोक्षमितिवे०॥४१॥ ७
भित्त्वा षट्पंचभित्त्वाथभित्त्वाथचतुर

स्त्रिकम् ॥ द्वयं हित्वाश्रयेदेकामिति वे०
॥ ४२ ॥ देहो नाहमहं देही देहसाक्षी
ति निश्चयात् ॥ जन्ममृत्युप्रहीणोऽस्मा
विति वे० ॥४३॥ प्राणो नाहमहं देवः
प्राणसाक्षीति निश्चयात् ॥ क्षुत्पिपासो
पशांतिः स्यादिति वेदां० ॥ ४४ ॥ मनो
नाहमहं देवो मनःसाक्षीति निश्चयात् ॥
शोकमोहापहानिः स्यादिति वे० ॥४५॥

वे० बुद्धिर्नाहमहं देवो बुद्धिसाक्षीति निश्च टि०
८ यात् ॥ कर्तृभावनिवृत्तिःस्यादिति वे०
॥ ४६ ॥ नाज्ञानं स्यामहं देवोज्ञानसा
क्षीति निश्चयात् ॥ सर्वानर्थानिवृत्तिः
स्यादिति वे० ॥ ४७ ॥ अहं साक्षीति
यो विद्याद्विविच्यैवं पुनःपुनः ॥ स एव
मुक्तोसौ विद्वानिति वे० ॥४८॥ नाहंमा ८
या न तत्कार्यं न साक्षीपरमोस्म्यहम्

इति निःसंशयज्ञानान्मुक्तिर्वै० ॥ ४९ ॥
नाहं सर्वमहंसर्वंममसर्वमितिस्फुटम् ॥
ज्ञाते तत्त्वे कुतो दुःखमिति वे० ॥ ५० ॥
देहादिपंचकोशस्था या सत्ता प्रतिभा
सते ॥ सा सत्तात्मा न संदेह इति वे०
॥ ५१ ॥ देहादिपंचकोशस्था या स्फूर्ति
रनुभूयते ॥ सा स्फूर्तिरात्मा नैवान्यादि
ति वे० ॥ ५२ ॥ देहादिपंचकोशस्था या

प्रीतिरनुभूयते ॥ सा प्रीतिरात्मा कूट
स्थ इति वेदां० ॥ ५३ ॥ व्योमादिपंच
भूतस्था या सत्ता भासते नृणाम् ॥ सा
सत्ता परमं ब्रह्म इति वे० ॥ ५४ ॥ व्यो
मादिपंचभूतस्था या चिदेकानुभूय
ते ॥ सा चिदेव परं ब्रह्म इति वे०॥५५॥
व्योमादिपंचभूतस्था या प्रीतिरनुभूय
ते ॥ सा प्रीतिरेव ब्रह्म स्यादिति वे०

॥ ५६ ॥ देहादिकोशगा सत्ता या सा व्योमादिभूतगा ॥ मानाभावान्न तद्भेद इति वे० ॥ ५७ ॥ सच्चिदानंदरूपत्वा द्ब्रह्मैवात्मा न संशयः ॥ प्रमाणकोटि संधानादिति वे० ॥ ५८ ॥ न नामरूपे नियते सर्वत्र व्यभिचारतः ॥ अनाम रूपंसर्वं स्यादिति वे० ॥ ५९ ॥ नजीव ब्रह्मणोर्भेदः स्फूर्तिरूपेण विद्यते ॥ स्फू

 र्तिरूपेण मानं स्यादिति वे० ॥ ६० ॥
 न जीवब्रह्मणोर्भेदः प्रियरूपेण विद्यते॥
प्रियभेदेन मानं स्यादिति वे० ॥ ६१ ॥
न जीवब्रह्मणोर्भेदो नाम्ना रूपेण विद्य
ते ॥ नाम्नो रूपस्य मिथ्यात्वादिति
वेदां० ॥ ६२ ॥ न जीवब्रह्मणोर्भेदः पिंड
ब्रह्मांडभेदतः ॥ व्यष्टेः समष्टेरेकत्त्वादि
ति वे० ॥ ६३ ॥ ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या

जीवो ब्रह्मैव नापरः ॥ जीवन्मुक्तस्तु
तद्विद्वानिति वे० ॥ ६४ ॥ अनामरूपं
सकलं सन्मयं चिन्मयं परम् ॥ कुतो
भेदः कुतो बंधः इति वे० ॥ ६५ ॥ न
तत्त्वात्कथ्यते लोको नामाद्यैर्व्यभिचा
रतः॥ बटुः कुलट इत्याद्यैरिति वे० ६६॥
नामरूपात्मकं विश्वमिंद्रजालं विदुर्बु
धाः ॥ अनामत्वादयुक्तत्वादिति वे०

॥ ६७॥ अभेददर्शनं मोक्षःसंसारो भेद
दर्शनः ॥ सर्ववेदांतसिद्धांत इति वे०
॥ ६८ ॥ न मताभिनिवेशित्वान्न भाषा
वेशमात्रतः ॥ मुक्तिर्विनात्मविज्ञानादि
ति वे० ॥ ६९ ॥ नकाम्यप्रतिषिद्धाभिः
क्रियाभिर्मोक्षवासना॥ईश्वरानुग्रहात्सा
स्यादिति वे०॥७०॥अविज्ञातेजन्म नष्टं
विज्ञातेजन्मसार्थकम्॥ज्ञातुरात्मा न दू

रेस्यादितिवे० ॥ ७१ ॥ दशमस्यपारज्ञा
नेनायासोस्ति यथा तथा ॥ स्वस्य ब्रह्मा
त्मविज्ञान इति वेदां० ॥ ७२ ॥ उपे
क्ष्यौपाधिकान्दोषान्गृह्यन्ते विषया
यथा ॥ उपेक्ष्य दृश्यं यद्ब्रह्म इति वेदां०
॥ ७३ ॥ सखमल्पं बहुक्लेशोविषयग्रा
हिणांनृणाम् ॥ अनंतं ब्रह्मनिष्ठाना
मिति वे० ॥ ७४ ॥ धनैर्वा धनदैः पुत्रैर्दा

रागारसहोदरैः ॥ ध्रुवं प्राणहरैर्दुखमि
ति वे० ॥ ७५ ॥ सुप्तेरुत्थाय सुप्त्यं
तं ब्रह्मैकं प्रविचिंत्यताम् ॥ नातिदूरे
नृणां मृत्युरिति वेदां० ॥ ७६ ॥ पंचा
नामपि कोशानां मायानर्थव्ययोच्चि
ता ॥ तत्साक्षी ब्रह्मविज्ञानमिति
वे० ॥ ७७ ॥ दशमत्त्वपरिज्ञाने नवज्ञ
स्य यथासुखम् ॥ तथा जीवस्यसंप्रा

त्तिरिति वे० ॥ ७८ ॥ नवभ्योस्तिपरं
प्रत्यङ्नव वेद परं परम् ॥ तद्विज्ञानाद्ध
वेत्तुर्या मुक्तिर्वेदां० ॥ ७९ ॥ नवाभासा
नवज्ञत्वान्नवोपाधीन्नवात्मना ॥ मि
थ्याज्ञात्वावशिष्टे तु मौनं वे० ॥ ८० ॥
परमे ब्रह्मणि स्वस्मिन्प्रविलाप्याखिलं
जगत् ॥ गायन्नद्वैतमात्मानमास्ते
वे० ॥ ८१ ॥ प्रातिलोमानुलोभ्यां

०वे विश्वारोपापवादयोः ॥ चिंतने शिष्यते टि०
१३ तत्वमिति वे ० ॥८२॥ नामरूपाभि
मानः स्यात्संसारः सर्वदेहिनाम् ॥ स
च्चिदानंददृष्टिस्स्यादिति वे० ॥८३॥ स
च्चिदानंदसत्यत्वे मिथ्यात्वे नामरूप
योः॥विज्ञातेकिमिदंज्ञेयमितिवे० ८४॥
सालंबनंनिरालंबंसर्वालंबावलंबितम् ॥ १३
आलंबेनाखिलालंबमिति वेदां० ॥८५॥

नकुर्यान्न विजानीयात्सर्वं ब्रह्मेत्यनुस्म
रन् ॥ यथासुखं तथा तिष्ठेदिति वे
दां० ॥ ८६ ॥ स्वकर्मपाशवशगः प्रा
ज्ञोऽन्यो वा जनो ध्रुवम् ॥ प्राज्ञः सुखं
नयेत्कालमिति वे० ॥८७ ॥ न विद्वान्सं
तपेच्चित्तं करणाकरणो ध्रुवम् ॥ सर्वमा
त्मेति विज्ञानादिति वे० ॥ ८८ ॥ नै
वाभासंस्पृशेत्कर्म मिथ्योपाधिमपि

स्वयम् ॥ कुतोधिष्ठानमत्यच्छामिति
वेदां० ॥ ८९ ॥ अहोऽस्माकमलं मो
हैरात्मा ब्रह्मेति निर्भयम् ॥ श्रुतिभे
रीरवोऽद्यापि श्रूयते श्रुतिरंजनः ॥९०॥
वेदांतभेरीझंकारः प्रतिवादिभयंकरः
॥ श्रूयतां ब्राह्मणैः श्रीमद्दक्षिणामूर्त्यनु
ग्रहात् ॥ ९१ ॥ इति श्रीवेदांतडिंडिमः
परिसमाप्तः ॥ शुभम् ॥ ॥

इदं पुस्तकं मुम्बय्यां खेमराज श्रीकृष्णदास श्रेष्ठिना

स्वकीये " श्रीवेङ्कटेश्वर " (स्टीम्)

यन्त्रागारे मुद्रयित्त्वा प्रकाशितम्।

संवत् १९६१, शके १८२६.

जाहि-

क्रय्यपुस्तकें।

नाम.	की. रु. आ.
श्रीमद्भगवद्गीता सान्वयब्रजभाषा दोहासहित	१-४
गीतामृततरंगिणी भाषाटीका (रघुनाथप्रसादकृत) अक्षरबड़ा	१-०
गीतामृततरंगिणी भाषाटीका पाकिटबुक	०-१२
श्रीरामगीता मूल	०-२
श्रीरामगीता भाषाटीका-पद्मकाशिकाअनुवादसमुच्चय और विषमपदीके सहित	०-८
श्रीमद्भगवद्गीतापंचरत्नअक्षरमोटागुटकारेशमी	१-०
पंचरत्न अक्षरबड़ा खुलापत्रा छोटीसंची	१-८
पंचरत्न अक्षरबड़ा लंबीसंची खुला	१-०
पंचरत्न भाषाटीका	२-०
गीता श्रीधरीटीकासहित	१-०
गीता बड़े अक्षरकी १६ पेजीगुटका....	०-१२
श्रीमद्भगवद्गीता श्रीमधुसूदनटीकासमेत	२-८

पता-खेमराज श्रीकृष्णदास, "श्रीवेङ्कटेश्वर" स्टीम् प्रेस-बंबई.

रात-

इति

॥ वेदांतडिंडिमः परिसमाप्तः ॥

॥ श्रीः ॥

तत्त्वबोधः ।

श्रीशङ्कराचार्यप्रणीतः ।

काशीस्थराजकीयप्रधानपाठशालापरीक्षोत्तीर्णलाँख-
ग्रामनिवासि पण्डितमिहिरचन्द्रकृत-
भाषाविवरणसहितः ।

सोयम्
खेमराज श्रीकृष्णदास-श्रेष्ठिना
मुम्बय्यां
स्वकीये "श्रीवेङ्कटेश्वर" स्टीम् यन्त्रालये
मुद्रयित्वा प्रकाशितः ।
संवत् १९६३, शके १८२८.

भूमिका.

श्रीमद्वेदांताचार्यपरमपूज्यपादश्रीशंकराचार्यप्रणीतं तत्त्वबोधनामकमेतत्प्रकरणम् एतच्च धर्मार्थकाममोक्षरूपचतुर्विधपुरुषान्तर्गतमोक्षसाधक वेदान्तशास्त्रमारुरुक्षोः पुरुषस्य प्रथमादिरोहिणीति सर्वजनावगतम्–एतस्य च भाषा रसिकसाधारण्येन प्रसिद्धिमीहमानैः श्रीकृष्णदासात्मजखेमराजश्रेष्ठिभिरस्य भाषोद्धृतयेऽहमयोजि–मया चैतद्यथामति भाषायामुद्धृत्य विद्वरणयोरर्प्यत इति शम् ।

लॉखग्रामनिवासी–

काशीस्थराजकीयप्रधानपाठशालापरीक्षोत्तीर्णः,

पं० मिहिरचंद्रशर्मा.

॥ श्रीः ॥

अथ तत्त्वबोधः ।

भाषाटीकासहितः ।

वासुदेवेन्द्रयोगीन्द्रं नत्वा ज्ञानप्रदं गुरुम् ॥ मुमुक्षूणां हितार्थाय तत्त्वबोधोभिधीयते ॥ १ ॥

नत्वा श्रीचेतनं ब्रह्म जीवात्मैकत्वसिद्धये ।
तत्त्वबोधस्य भाषायामुद्धारस्तु वितन्यते ॥ १ ॥

आरंभ करनेको इष्ट जो ग्रंथ उसकी निर्विघ्न समाप्तिके लिये और शिष्योंकी शिक्षाके अर्थ वासुदेवके स्मरणरूप और वासुदेव नामक अपने गुरुके नमस्काररूप-मंगलको करते हुए ग्रंथकार-ग्रंथके आरंभकी प्रतिज्ञा करते हैं कि

ज्ञानके भली प्रकार दाता और योगी जनोंमें इंद्ररूप जो वासुदेवेंद्र गुरु हैं उनको नमस्कार करके मुमुक्षुओंके हितके लिये तत्त्वबोधको कहते हैं अर्थात् जिसके विचारसे तत्त्वोंका बोध हो ऐसे ग्रंथको रचते हैं—और इन श्रुतियोंमें भी वासुदेवरूपही गुरुको कहा है कि, वसे हैं भूत (प्राणी) जिसमें उसे वासु और प्रकाश जो करै उसे देव कहते हैं अर्थात् सब प्राणियोंके आश्रय और संपूर्ण जगत्के प्रकाशक ब्रह्मरूप गुरु अथवा पूर्वोक्त ब्रह्मरूप जो श्रीकृष्णचंद्र—और गुरुगीतामें भी लिखा है कि नित्य-शुद्ध-और आभास रहित-निराकार निर्मल और नित्य बोधरूप चिदानंद ब्रह्मरूप जो गुरु, उनको नमस्कार करता हूँ—गूढ जो विद्या

१ वसंत्यस्मिन्भूतानीति वासुदेवः ।

२ नित्यं शुद्धं निराभासं निराकारं निरंजनम् । नित्यबोधं चिदानंदं गुरुं ब्रह्म नमाम्यहम् ॥ १ ॥ गूढा विद्या योगमाया देहमज्ञानसंभवः ॥ उदयं स्वप्रकाशेन गुरुशब्देन कथ्यते ॥ २ ॥

वह योगमाया है और यह देह अज्ञानसे उत्पन्न है इस देहमें जो सप्रकाश चेतनका उदय है वही गुरु शब्दसे कहा जाताहै—तात्पर्य यह है कि परब्रह्मरूप योगी जनोंके स्वामी ज्ञानके दाता जो वासुदेवेंद्रगुरु हैं उनको नमस्कार करनेके अनंतर मुमुक्षुओंके हितार्थ तत्त्वबोध प्रकरणको कहते हैं ॥ १ ॥

साधनचतुष्टयसंपन्नाऽधिकारिणां मोक्षसाधनभूतं तत्त्वविवेकप्रकारं वक्ष्यामः ॥

मोक्षके चारों साधनोंसे युक्त जो अधिकारी उनके मोक्षका हेतु जो तत्त्वोंके विवेक (पृथक् २ ज्ञान) का प्रकार, उसको कहते हैं-अर्थात् पृथिवी जल तेज वायु आकाश रूप जो पंचमहाभूत हैं उनमें अभेदरूप (एक) प्रतीत हुआ जो सच्चिदानंद जगत्का उपादान कारण है वही जीवभाव-

को तत्त्वोंकी एकतासे प्राप्त होजाता है उसका जो पंचभूतोंसे पृथक्ज्ञान वह जिससे हो उस रीतिको कहते हैं ॥

साधनचतुष्टयं किम् ॥ नित्यानित्यवस्तुविवेकः ॥ १ ॥ इहामुत्रार्थफलभोगविरागः ॥ २ ॥ शमादिषट्संपत्तिः ॥ ३ ॥ मुमुक्षुत्वं चेति ॥ ४ ॥

अबसे आगे यह ग्रंथ शंकराचार्यजीने प्रश्न और उत्तररूपसे वर्णन किया है–प्र०–वे चारों साधन कौनसे हैं जिनसे युक्त अधिकारियोंको मोक्ष होता है-उत्तर-पहिला साधन नित्य और अनित्य वस्तुका विवेक है अर्थात् नित्य अनित्य वस्तुका पृथक् २ ज्ञान है–१दूसरा साधन इस लोक और परलोकके जो पदार्थ और फल उनके भोगोंका विराग है-अर्थात् दोनों लोकोंके भोगों-

का त्याग—तीसरा साधन शम आदि जो छः पदार्थ हैं उनकी संपत्ति (सिद्धि) है—चौथा साधन मुमुक्षुत्व है अर्थात् मोक्षकी अभिलाषा है—ये चारों मुक्तिके हेतु हैं ॥

नित्यानित्यवस्तुविवेकः कः ।
नित्यवस्त्वेकं ब्रह्म तद्व्यतिरिक्तं
सर्वमनित्यम् । अयमेव नित्या-
नित्यवस्तुविवेकः ॥

प्र०—नित्य और अनित्य वस्तुका विवेक क्या है—उ०—नित्य (सत्य) वस्तुरूप एक ब्रह्महो है उस ब्रह्मसे भिन्न संपूर्ण जगत् अनित्य (मिथ्या वा असत्) है—यही नित्य अनित्य वस्तुका विवेक कहाता है और यही सब कारणोंमें मुख्य है ॥

विरागः कः । इह स्वर्गभो-
गेषु इच्छाराहित्यम् ॥

प्र॰ विराग क्या है—उ॰—इस लोक और स्वर्ग आदि परलोकके भोगोंकी इच्छाका त्याग अर्थात् हृदयमें दोनों लोकोंके विषयभोगकी वासनाका उदय न होना, विराग कहाता है ॥

शमादिसाधनसंपत्तिः का । शमो दम उपरमस्तितिक्षा श्रद्धा समाधानं चेति ॥

प्र॰—शम आदि छः साधनोंकी संपत्ति क्या है अर्थात् वे शम आदि छः साधन कौनसे हैं जिनकी संपत्ति (होना) मोक्षका हेतुहै—उ॰—शम-दम-उपरम-तितिक्षा-श्रद्धा-समाधान-इन छः साधनोंके होनेको शमादि षट् संपत्ति कहते हैं ॥

शमः कः । मनोनिग्रहः । दमः कः । चक्षुरादिबाह्येन्द्रियनिग्रहः। उपरमः कः । स्वधर्मानुष्ठानमेव । तितिक्षा

कां । शीतोष्णसुखदुःखादिसहिष्णुत्वम् । श्रद्धा कीदृशी । गुरुवेदांतवाक्यादिषु विश्वासः श्रद्धा । समाधानं किम् । चित्तैकाग्रता ॥

प्र०—शम किसका नाम है–उ०मनके निग्रह (वशीभूत) करनेको शम कहते हैं–प्र० दम किसकी संज्ञा है–उ०नेत्र आदि बाह्य (बाहिरकी) इंद्रियोंके निग्रहको दम कहते हैं–प्र०—उपरम किसको कहते हैं-उ०—अपने धर्मकाही अनुष्ठान करना यहाँ (एव) पदके लिखनेसे ग्रंथकारने यह सूचित किया है कि अपने धर्ममें तत्पर होकर शब्द स्पर्श आदि संपूर्ण विषयोंसे चित्तको निवृत्त करना अर्थात् अंतरात्माके विचारमें आरूढहोकर संपूर्ण लौकिक व्यवहारोंसे उपरत (उदासीन) रहना इसका नाम उपरम है-प्र०—तितिक्षा क्या

वस्तु है–उ०–शीत और उष्ण (ठंढ और तेज) और सुख दुःख और मान अपमान आदिको धीरतासे सहना अर्थात् अपनी प्रकृतिके प्रतिकूल (विरुद्ध) शीत आदिकी प्राप्तिके समयमें भी निर्विकार रहना इसको तितिक्षा कहते हैं–प्र०–श्रद्धा किसप्रकारकी होती है–उ०–गुरुऔर वेदांतके जो वाक्यहैं उनमें जो विश्वास (यथार्थ बुद्धि) है उसकोही श्रद्धा कहते हैं–प्र०–समाधान क्या कहाताहै–उ०चित्तकी एकाग्रताको समाधान कहतेहैं अर्थात् गुरु और वेदांतके वाक्योंको एकांतमें बैठकर एकाग्रबुद्धिसे विचारना वा किसी अधिकारीको उपदेश करना इस चित्तकी स्थिरताको समाधान कहतेहैं–यह शम आदि छः की संपत्तिरूप तीसरा साधन मोक्षका है ॥

मुमुक्षुत्वं किम् । मोक्षो मे भूयादितीच्छा ॥

प्र०—मुमुक्षुत्व किसको कहते हैं—उ०—मेरा मोक्षहो अर्थात् संसारके दुःखोंसे मेरी निवृत्तिहो इस इच्छाका नाम मुमुक्षुताहै यह संसार निवृत्त होनेकी इच्छारूप, मोक्षका चौथा कारण है ॥

एतत्साधनचतुष्टयम् ॥ ततस्तत्त्वविवेकस्याधिकारिणो भवंति । तत्त्वविवेकः कः । आत्मा सत्यस्तदन्यत् सर्वं मिथ्येति ॥

ये चारि मोक्षके साधन हैं—प्रथम इनकी यत्नसे सिद्धिके अनंतर-मनुष्य तत्वविवेकके अधिकारी होते हैं अर्थात् इन चारों साधनोंकी महिमा (बल) से तत्वोंसे पृथक् जो आत्मा उसको जान सकतेहैं ॥ प्र०—तत्वविवेक किसको कहतेहैं—उ०—आत्मा (जीव ईश्वर) सत्यहै तिससे अन्य जो नामरूपात्मक जगत्है वह मिथ्या है इस निश्चयको तत्वविवेक कहते हैं ॥

आत्मा कः । स्थूलसूक्ष्मकारणशरीराद्व्यतिरिक्तः पंचकोशातीतः सन् अवस्थात्रयसाक्षी सच्चिदानंदस्वरूपः सन् यस्तिष्ठति स आत्मा ॥

प्र०—आत्मा किसको कहतेहैं—उ०—स्थूल सूक्ष्म-कारण-इन तीनप्रकारके शरीरोंसे भिन्न और अन्नमय आदि पांचकोशोंसे परे और जाग्रत् स्वप्न सुषुप्तिरूप तीन अवस्थाओंका जो साक्षी (द्रष्टा) होकर सत् चित् आनंदरूप टिकताहै अर्थात् तीनों शरीरोंके बाहिर भीतर स्थित है वही आत्माहै ॥

स्थूलशरीरं किम् । पंचीकृतपंचमहाभूतैः कृतं सत्कर्मजन्यं सुखदुःखादिभोगायतनं शरीरं अस्ति जा-

यते वर्धते विपरिणमते अपक्षीयते विनश्यतीति षड्विकारवदेतत्स्थूल शरीरम् ॥

प्र०--स्थूल शरीर किसको कहते हैं--उ०--पंचीकरण किये पांच महाभूतोंने जो कियाहो--और उत्तम कर्मोंसे उत्पन्नहो--और सुख: दुःख आदि भोगोंका आयतन (स्थान) हो अर्थात् जिसमें स्थित होकर जीवात्मा सुख दुःखोंको भोगं--और जो शरीररूप है अर्थात् नाशवान् है--और होना अर्थात् वर्तमानकालमें स्थिति और माताके गर्भसे उत्पत्ति-विपरिणाम अर्थात् क्रम २ से बढना वा घटना--और अपक्षय (वृद्ध अवस्थामें थकना) और अंत अवस्थामें नाशकी प्राप्ति--इन स्थिति आदि छः विकारोंवाला जो है यही स्थूल शरीरहै ॥

सूक्ष्मशरीरं किम्। अपंचीकृतपंच-

महाभूतैः कृतं सत्कर्मजन्यं सुखदुः-खादिभोगसाधनं पंच ज्ञानेन्द्रियाणि पंच कर्मेन्द्रियाणि पंच प्राणादयः मनश्चैकं बुद्धिश्चैका एवंसप्तदशक-लाभिः सह यत्तिष्ठति तत्सूक्ष्मश-रीरम् ॥

प्र०—सूक्ष्म शरीर किसको कहतेहैं—उ०—पंचीकरण नहीं किये पांच महाभूतोंसे जो कियागयाहो और उत्तम कर्मसे उत्पन्नहो और सुख दुःख आदि भोगोंका साधनहो और पाँचज्ञान इंद्रिय—और पांच कर्म इंद्रिय और प्राण आदि पाँच—और एक मन और एक बुद्धि—इन सत्रह १७ कलाओं-सहित जो टिकता है उसको सूक्ष्म शरीर कहते हैं अर्थात् इन सत्रह तत्वोंके समूहका सूक्ष्म शरीर नाम है ॥

श्रोत्रं त्वक् चक्षुः रसना घ्राणं इति पंच ज्ञानेन्द्रियाणि । श्रोत्रस्य दिग्देवता । त्वचो वायुः । चक्षुषः सूर्यः। रसनाया वरुणः। घ्राणस्य अश्विनौ इति ज्ञानेन्द्रियदेवताः । श्रोत्रस्य विषयः शब्दग्रहणम् । त्वचो विषयः स्पर्श ग्रहणम् ॥ चक्षुषोर्विषयः रूपग्रहणम् । रसनाया विषयः रसग्रहणम् । घ्राणस्य विषयो गंधग्रहणम् इति ॥

श्रोत्र–त्वचा–नेत्र–रसना–घ्राण–ये पांच ज्ञान इंद्रिय हैं–और इन पांचोंमें श्रोत्रका देवता दिशाहै और त्वचाका देवता वायुहै–और नेत्रोंका देवता सूर्य है रसना (जिह्वा) का देवता वरुण है–और घ्राणका देवता अश्विनीकुमारहैं–ये पाँचों इंद्रियोंके पृथक् २ पाँच देवता हैं–और श्रोत्रका

विषय शब्दका ग्रहण है-और त्वचाका विषय स्पर्शका ग्रहण है-और नेत्रका विषय रूपका ग्रहण है-रसनाका विषय रस (खट्टा आदि) का ग्रहग है और घ्राणका विषय गंधका ग्रहण है-इन पांचों त्रिषयोंको श्रोत्र आदि पाँचों ज्ञान इंद्रिय अपने २ देवताओं सहित ग्रहण करती हैं ॥

वाक्पाणिपादपायूपस्थानीति पंच कर्मेंद्रियाणि ॥ वाचो देवता वह्निः । हस्तयोरिंद्रः । पादयोर्विष्णुः। पायोर्मृत्युः । उपस्थस्य प्रजापतिः इति कर्मेन्द्रियदेवताः ॥ वाचो विषयः भाषणम् । पाण्योर्विषयः वस्तुग्रहणम् । पादयोर्विषयः गमनम् । पायोर्विषयः मलत्यागः । उपस्थस्य विषयः आनंद इति ।

वाणी–हाथ–चरण–गुदा–लिङ्ग–ये पाँच कर्म इंद्रिय हैं–इन पांचोंमें वाणीका देवता अग्नि है–और हाथोंका देवता इंद्र है–चरणोंका देवता विष्णुहै–और गुदाका देवता मृत्युहै-और लिंगका देवता प्रजापति है ये कर्म इंद्रियोंके देवता हैं–और वाणीका विषय भाषण(बोलना)है–हाथोंका विषय वस्तुका ग्रहण करना है–चरणोंका विषय गमन करना है–गुदाका विषय मलका त्याग है-और लिंगका विषय विषयभोगका आनंद है. इन पांचों विषयोंको अपने २ देवताओंसे युक्त पांचों कर्म इंद्रिय ग्रहण करती हैं ॥

कारणशरीरं किम् । अनिर्वाच्यानाद्यविद्यारूपं शरीरद्वयस्य कारणमात्रं सत्स्वस्वरूपाऽज्ञानं निर्विकल्पकरूपं यदस्ति तत्कारणशरीरम् ॥

प्र०—कारणशरीर किसको कहतेहैं—उ०—सची वा झूँठी कहनेमें जो न आवे क्योंकि झूठी कहैं तो मायासे जगत्की उत्पत्ति न बनेगी—सची कहैं तो ज्ञानसे नष्ट न होगी-जैसे रज्जुके सर्पको मिथ्या कहैं तो भय कंप आदि न होंगे और सत्य कहैं तो विचारसे नाश न होगा इससे अनिर्वचनीय है इसी प्रकार मायाभी अनिर्वचनीय है अर्थात् न सत्यहै न झूठ है केवल भासमात्रहै—और अनादि (उत्पत्तिसे रहित) और अविद्या (अज्ञान) रूप—और स्थूल सूक्ष्म दोनों शरीरोंका जो कारणमात्र(बीज)है—अपने स्वरूपका अज्ञान और निर्विकल्परूप जोहै उस मायाको कारण शरीर कहते हैं ॥

अवस्थात्रयं किम्। जाग्र-
त्स्वप्नसुषुप्त्यवस्थाः ॥

प्र०—तीन अवस्था कौनसी हैं-उ०—जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्ति-ये तीन अवस्था हैं ॥

जाग्रदवस्था का । श्रोत्रादिज्ञानेंद्रियैः शब्दादिविषयैश्च ज्ञायते इति यत् सा जाग्रदवस्था । स्थूलशरीराभिमानी आत्मा विश्व इत्युच्यते ॥

प्र०—जाग्रत् अवस्था किसको कहते हैं—

उ०श्रवण आदि पांच इंद्रिय और शब्द आदि पांच विषयोंसे जब जानी जांय अर्थात् श्रोत्र-त्वचा-नेत्र-रसना--नासिका इन पांचों ज्ञानेंद्रियोंसे जिस अवस्थामें शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गंध इन पांचों विषयोंका क्रमसे ज्ञान हो अर्थात् इन इंद्रियोंके द्वारा शब्द आदि स्थूल भोगोंको जीवात्मा जिसमें भोगै—उस अवस्था समयको जाग्रत् कहते हैं—और स्थूल शरीरका अभिमानी जो आत्मा है उसे विश्व कहते हैं और स्थूल भोगोंका भोक्ता यह विश्वरूप आत्मा अपनी जाग्रत् अवस्थासे भिन्न है

क्योंकि अवस्था मिथ्यारूप है और आत्मा चेतनरूप नित्य है ॥

स्वप्नावस्था केति चेत् । जाग्रदवस्थायां यत् दृष्टं यच्छ्रुतं तज्जनितवासनया निद्रासमये यः प्रपंचः प्रतीयते सा स्वप्नावस्था । सूक्ष्मशरीराभिमानी आत्मा तैजस इत्युच्यते ॥

प्र०—स्वप्न अवस्था कौनसी है ऐसा कहोगे तो सुनो । उ०—जाग्रत् अवस्थामें जो देखाहो वा सुना हो उसमें उत्पन्न हुई जो वासना आत्मामें संस्कार उससे निद्राके समयमें जो प्रपंच (जगत्) प्रतीत होता है उस स्वप्नके समयको स्वप्नावस्था कहते हैं और—यह स्वप्नावस्था सूक्ष्म शरीरमें होतीहै उस सूक्ष्म शरीरके अभिमानी आत्माको तैजस कहते हैं क्योंकि वासनामयी जो भोग

उनका भोक्ता आत्मा तेजोरूप अपने प्रकाशसे प्रकाशमान और अवस्थाका साक्षी तैजस है ॥

अतः सुषुप्त्यवस्था का । अहं किमपि न जानामि सुखेन मया निद्रानुभूयत इति सुषुप्त्यवस्था ॥ कारणशरीराभिमानी आत्मा प्राज्ञ इत्युच्यते ॥

प्र०–इसके अनंतर जो सुषुप्ति अवस्था है वह कौनसी है–उ०–मैं कुछ नहीं जाना मुझे ऐसी सुखसे निद्राका ज्ञान हुआ श्रुतिमें भी लिखा है कि मैं सुखसे सोया कुछभी न जानता भया अर्थात् आनंदसे निद्राका अनुभव हुआ–यह अनुभव जिस कालमें होता है उसका नाम सुषुप्ति अवस्था है इसकोही कारण शरीर और आनंदमय कोश कहते हैं और इस अवस्थाके अभि-

१ आनंदभुक्चेतोमुखः ।

मानी आत्माको प्राज्ञ कहते हैं—अर्थात् यह अपने आनंदरूपके भानसे रहित जो अज्ञान उसका साक्षी है और इंद्रियोंकी सहायताके विना ही अपनी चेतनतासे वासनामय विषयोंको भली-प्रकार जानता है और भोगता है इसीसे प्राज्ञ कहाता है—श्रुतिमें भी कहा है कि आनंदका भोक्ता चेतनरूपही सुषुप्ति अवस्थामें है॥

पंच कोशाः के। अन्नमयः प्राण-मयः मनोमयः विज्ञानमयः आनंदमयश्चेति॥

प्र०—पंचकोश कौनसे हैं—उ०—अन्नमय-प्राणमय—मनोमय—विज्ञानमय—आनंदमय—ये पांच कोश हैं अर्थात् चेतनरूप जो आत्मा उसके आच्छादक हैं॥

१ सुखमहमस्वाप्सं नकिंचिदवेदिषम्।

अन्नमयः कः । अन्नरसेनैव भूत्वा अन्नरसेनैव वृद्धिं प्राप्य अन्नरूपपृथिव्यां यद्विलीयते तदन्नमयः कोशः स्थूलशरीरम् ॥

प्र०—अन्नमय कोश किसको कहते हैं--

उ०—अन्नके रससे होकर और अन्नके रससेही बढकर जो अन्नरूप पृथिवीमें ही लीन(नष्ट)होजाय उस स्थूल शरीरको अन्नमय कोश कहते हैं ॥

प्राणमयः कः । प्राणादिपंचवायवः—वागादींद्रियपंचकं प्राणमयः ॥

प्र०—प्राणमय कोश किसको कहते दैं—

उ०--प्राण—अपान—व्यान—उदान—समान--ये पांचों प्राण और वाणी आदि पांचों कर्म इंद्रिय यह प्राणमय कोश कहाता है और यह क्रिया शक्ति है क्योंकि शरीरमें जितनी क्रिया होती हैं उन सबका कारण प्राणमय कोशही है ॥

मनोमयः कोशः कः। मनश्च ज्ञानेंद्रियपंचकं मिलित्वा भवति स मनोमयः कोशः॥

प्र०—मनोमय कोश किसको कहते हैं—

उ०—मन और पांच ज्ञान इंद्रियां मिलकर जो होताहै वह मनोमय कोश कहाता है और यह इच्छा शक्ति है क्योंकि जिस २ वस्तुकी इच्छा आत्मामें होती है वह मनोमय कोशकेही सहायतासे होती है॥

विज्ञानमयः कः। बुद्धिर्ज्ञानेंद्रियपंचकं मिलित्वा यो भवति स विज्ञानमयः कोशः॥

प्र०—विज्ञानमय कोश किसको कहते हैं?

उ०—बुद्धि और ज्ञान—इंद्रिय—पंचक इनको मिलाकर जो होता है वह विज्ञानमय कोश होता है

और यह ज्ञानशक्ति है क्योंकि आत्मामें जिस २ पदार्थका ज्ञान होता है वह बुद्धि और ज्ञानेंद्रियों-कीही सहायतासे होता है ॥

आनंदमयः कः। एवमेव कारणशरीरभूताविद्यास्थमलीनसत्त्वं प्रियादिवृत्तिसहितं सत् आनंदमयः कोशः। एतत्कोशपंचकम्। मदीयं शरीरं मदीयाः प्राणाः मदीयं मनश्च मदीया बुद्धिर्मदीयं ज्ञानमिति स्वेनैव ज्ञायते। तद्यथा मदीयत्वेन ज्ञातं कटककुंडलगृहादिकं स्वस्माद्भिन्नं तथा पंचकोशादिकं मदीयत्वेन ज्ञातमात्मा न भवति ॥

प्र०--आनंदमय कोश किसको कहते हैं--

उ०--इसी पूर्वोक्त प्रकारसे कारण शरीररूप अवि-

यामें स्थित जो प्रिय मोद आदि वृत्तियोंसे युक्त मलीन सत्त्व है अर्थात् रजोगुण तमोगुणसे तिरस्कार किया सत्त्वगुण वह अभीष्ट वस्तुके देखनेसे सुखरूप जो प्रिय और अभीष्ट वस्तुकी प्राप्तिसे उत्पन्न सुखरूप जो मोद और अभीष्ट वस्तुके भोगसे जन्य सुखरूप जो प्रमोद, इन वृत्तियोंसे युक्त हुआ आनंदमय कोश होता है और इसमें अधिक आनंद होता है इससे इसका नाम आनंदमयहै–ये पांच कोश हैं–इनको आत्मा अपने आप इस प्रकार एकतासे जानता है कि,मेरा शरीर है–मेरे प्राण हैं–मेरा मन है–मेरी बुद्धि है–और मेरा ज्ञानहै–तिससे जिस प्रकार मदीयतासे अर्थात् मेरे हैं इस बुद्धिसे जाने हुये कटक (कडा) कुंडल और गृह आदि अपनेसे भिन्न होनेसे आत्मारूप नहीं हैं तिसी प्रकार मदीयतासे जाने हुये ये पूर्वोक्त पांच कोशभी आत्मासे भिन्न होनेसे

आत्मारूप नहीं हैं क्योंकि आत्मा इनका साक्षी है और ये मायाके कार्य हैं ॥

आत्मा तर्हि कः । सच्चिदानंदस्वरूपः ॥

प्र०—तो कहो आत्मा कौन है—उ०—सत् चित आनंदरूप आत्मा है—

सत्किम् । कालत्रयेऽपि तिष्ठतीति सत् ॥ चित्किम् । ज्ञानस्वरूपः ॥ आनंदः कः । सुखस्वरूपः ॥ एवं सच्चिदानंदस्वरूपं स्वात्मानं विजानीयात् ॥

प्र०—सत् किसको कहते हैं—उ०—भूत भविष्यत् वर्तमान रूप तीनों कालोंमें जो एकरस टिके अर्थात् न्यूनाधिक भावको प्राप्त न हो उसे सत कहतेहैं—प्र०—चित् किसको कहते हैं—उ०—ज्ञान स्वरूपको चित् कहते हैं अर्थात् जो संपूर्ण पदार्थोंका ज्ञाता—साक्षी—अनुभवरूप है उसे चेतन ज्ञान स्वरूप आनंद कहते हैं अर्थात् दु-

खसे जिसका भेद (नाश) न होसके ऐसा जो सुखरूप कूटस्थ ब्रह्म वही आनंद है—इस पूर्वोक्त तीन प्रकारका जो सच्चिदानंद ब्रह्म है उसको अपने आत्मा स्वरूप जाने अर्थात् अपने जीवात्मा और उसकी एकताको जानकर नामरूपात्मक जगत्को मिथ्या समझे॥

अथ चतुर्विंशतितत्त्वोत्पत्तिप्रकारं वक्ष्यामः॥

अब मायासे उत्पन्न जो चौबीस तत्त्व हैं उनकी उत्पत्तिके प्रकारको कहते हैं—

ब्रह्माश्रया सत्त्वरजस्तमोगुणात्मिका माया अस्ति। तत आकाशः संभूतः। आकाशाद्वायुः वायोस्तेजः। तेजस आपः। अद्भ्यः पृथिवी॥

ब्रह्म है आश्रय (आधार वा प्रवर्तक) जिसका ऐसी सत्वगुण रजोगुण तमोगुणरूप माया है अ-

र्थात् इन तीनों गुणोंकी साम्यावस्था तुल्यस्थितिहै जिसको मूलप्रकृति और प्रधानभी सांख्य मत-वाले कहते हैं और अव्याकृतभी इसकाही नाम है—यह पूर्वोक्त है मुख्यरूप जिसका ऐसी माया सो पूर्वोक्त सच्चिदानंदरूप ब्रह्मकी इच्छाके अनुसार प्रथम आकाश उत्पन्न हुआ—और आकाशसे वायु और वायुसे तेज—और तेजसे जल—और जलसे पृथिवी उत्पन्न भई—इन आकाश आदि पांचों भूतोंके मध्यमें सत्व गुण आदि तीनों गुण वर्त्त-मान हैं इससे ये भूतभी त्रिगुणात्मक हैं॥

एतेषां पंचतत्त्वानां मध्ये आकाश-स्य सात्त्विकांशात् श्रोत्रेंद्रियं संभूत-म् । वायोः सात्त्विकांशात् त्वगिंद्रियं संभूतम् । अग्नेः सात्त्विकांशात् चक्षु-रिन्द्रियं संभूतम्। जलस्य सात्त्विकां-शात् रसनेंद्रियं संभूतम् । पृथि-

व्याः सात्त्विकांशात् घ्राणेंद्रियं संभूतम् । एतेषां पंचतत्त्वानां समष्टिसात्त्विकांशात् मनोबुद्ध्यहंकारचित्तांतःकरणानि संभूतानि ॥

इन पांचों तत्त्वोंके मध्यमें आकाशमें जो सत्त्व गुणका अंश है उससे श्रोत्र (कान) इंद्रिय उत्पन्न हुई-और वायुमें जो सत्त्वगुणका अंश है उससे त्वचा इंद्रिय उत्पन्न भई—और अग्निमें जो सत्त्वगुण का अंश है उससे चक्षुरिंद्रिय उत्पन्न हुई—और जलमें जो सत्त्वगुणका अंश है उससे रसना इंद्रिय उत्पन्न भई-और पृथ्वीमें जो सत्त्वगुणका अंश है उससे घ्राण इंद्रिय उत्पन्न हुई—और इन पांचों तत्त्वोंका जो समष्टि (सबका) सत्त्वगुणी अंश है उससे मन बुद्धि अहंकार चित्त रूप चार प्रकारका अंतःकरण उत्पन्न हुआ अर्थात् ऐसा अंतः-

करण (भीतरकी इंद्रिय) उत्पन्न हुआ जिसके मनआदि चार भेद हैं ॥

संकल्पविकल्पात्मकं मनः । निश्चयात्मिका बुद्धिः । अहंकर्त्ता अहंकारः । चिंतनकर्त्तृ चित्तम् । मनसो देवता चंद्रमाः । बुद्धेर्ब्रह्मा । अहंकारस्य रुद्रः । चित्तस्य वासुदेवः ॥

उन चारोंमें संकल्प विकल्प रूपको मन कहते हैं अर्थात् यह करनेयोग्य है वा नहीं इस संदेहको जो करे वह मन कहाता है-और निश्चय जिसका रूप है वह बुद्धि है अर्थात् यही करने योग्य है यह निश्चय जिससे हो वह बुद्धिहै-और अहंकारका जो कर्ता वह अहंकार है अर्थात् मैंने किया इस अहंबुद्धिका जिसमें उदय हो वह अहंकार कहाता है-और संपूर्ण वस्तुओंका चिंतन (स्मरण वा वि-

चार) जो करे वह चित्त है–निदान एकभी अंतः-करण वृत्ति (विषय) ओंके भेदसे भिन्न २ कहाता है-और मनका देवता चंद्रमा है बुद्धिका देवता ब्रह्माहै-अहंकारका देवता रुद्र है-चित्तका देवता वासुदेव है इस प्रकार पूर्वोक्त पांचों भूतोंसे पांच ज्ञानेंद्रिय और चार अंतःकरण ये नव ९ पदार्थ सत्त्वगुणके अंशसे उत्पन्न हुये ॥

एतेषां पंचतत्त्वानां मध्ये आकाशस्य राजसांशात् वागिंद्रियं संभूतम्। वायो राजसांशात् पाणींद्रियं संभूतम्। वह्नेः राजसांशात् पादेंद्रियं संभूतम्। जलस्य राजसांशात् उपस्थेंद्रियं संभूतम्। पृथिव्या राजसांशात् गुदेंद्रियं संभूतम्। एतेषां समष्टिराजसांशात् पंच प्राणाः संभूताः ॥

इन पांचों भूतों (तत्त्वों) के मध्यमें आकाशके रजोगुणी भागसे वाणी इन्द्रिय उत्पन्न हुई–और वायुमें जो रजोगुणका अंशहै उससे हस्त इंद्रिय उत्पन्न हुई–और अग्निमें जो रजोगुणका अंश है उससे चरणरूप कर्म इंद्रिय उत्पन्नहुई–और जलके रजोगुणी भागसे उपस्थ (लिंग) इंद्रिय उत्पन्न हुई–और पृथिवीमें जो रजोगुणका भागहै उससे गुदा इंद्रिय उत्पन्न हुई––और इन पांचों भूतोंके समष्टि (सबका) रजोगुणके अंशसे पांच प्राण उत्पन्न हुये-इस प्रकार पंचकर्मेंद्रिय और पंच-प्राण ये दश तत्त्व रजोगुणके अंशसे उत्पन्न हुये ॥

एतेषां पंचतत्त्वानां तामसांशात् पंचीकृतपंचतत्त्वानि भवंति। पंचीक-रणं कथम् इति चेत्। एतेषां पंचमहा भूतानां तामसांशस्वरूपं एकं एकं भूतं द्विधा विभज्य एकं एकमर्धं पृ-

थक् तूष्णीं व्यवस्थाप्य अपरमपरमर्धं चतुर्धा विभज्य स्वार्धमन्येषु अर्धेषु स्वभागचतुष्टयसंयोजनं कार्यम् । तदा पंचीकरणं भवति । एतेभ्यः पंचीकृतपंचमहाभूतेभ्यः स्थूलशरीरं भवति । एवं पिंडब्रह्मांडयोरैक्यं संभूतम् ॥

इन पांचों तत्वोंका जो तमोगुण शेषरहा हुआ अंश है उससे पंचीकरण किये पांचों भूत उत्पन्न होते हैं अर्थात् तमोगुणकी महिमासे महाभूतोंका पंचीकरण होजाताहै—कदाचित् कहो कि, पंचीकरण किस प्रकार होताहै तो सुनो इन पांच महाभूतोंके मध्यमें जो तमोगुणका अंशरूप एक २ भूतहैं उसका दो प्रकारसे विभाग करके अर्थात् एक २ भूतके दो २ टुकड़े करके उनमेंसे एक २

भागको पृथक् तूष्णीं (चुपचाप) स्थापन करके और दूसरा २ जो भाग है उसके चार २ भागकरके अपनेसे अन्य जो भूतहैं उनके तूष्णीं रक्खे हुये भागोंमें एक २ भागको मिलादे इस प्रकार पंचीकरण होताहै । इस पंचीकरणके करनेसे एक २ भूतमें आधाभाग अपना और आधेमें अपनेसे अन्य चारों भूतोंके४भाग होते ह इसीसे व्यासजीने लिखा है कि अधिक जासे यह पृथिवी है यह वायु है इत्यादि कथन होता है इस प्रकार पंचीकरण किये हुये पंच महाभूतोंसे स्थूल शरीर होता है इसी प्रकार ब्रह्माण्डभी उत्पन्न होता है ऐसे पिण्ड और ब्रह्माण्डकी एकता समझनी ॥

स्थूलशरीराभिमानी जीवनामकं ब्रह्मप्रतिबिंबं भवति।स एव जीवःप्रकृत्या स्वस्मात् ईश्वरं भिन्नत्वेन जानाति ।

---

१ आधिक्यात्तद्व्यहस्तद्वावादः ।

अविद्योपाधिः सन् आत्मा जीव इत्युच्यते ॥

स्थूल शरीरका अभिमानी जीव नाम ब्रह्मका प्रतिबिम्ब होताहै वही जीव प्रकृति (स्वभाव) से ईश्वरको अपनेसे भिन्न जानता है और अविद्या उपाधिसे वह आत्मा जीव कहाता है अर्थात् जैसे जलसे पूर्ण घटमें जो आकाशके सूर्यका प्रति-बिम्ब है वह घटके नाशसे बिम्बभूत सूर्यरूप होजाता है इसी प्रकार जीवरूप प्रतिबिम्बका आश्र-य जो माया (अज्ञान) उसके नाश होनेसे जीव-भी ब्रह्म भावको प्राप्त होजाता है और ज्ञानसे पूर्व मायाके अधीन होनेसे मायाके वशीभूत होता है तिसीसे अपनेको ईश्वरसे भिन्न जानता है और मायाके कार्य्य—जो स्थूल सूक्ष्म शरीर उनके संग एकतासे दुग्ध जलके समान एकरूप हुआ विषय भोगोंके लिये नाना प्रकारके कर्मोंको करता है

और उन कर्मोंके फल सुखदुःखोंको (स्वर्ग नरक) भोगता है और अविद्यारूप उपाधिसे आत्मा ही जीव बनता है—और रजोगुण तमोगुणकी न्यूनता सत्वगुणकी महिमासे प्रतीत होती है अर्थात् सत्वगुण प्रधानहो वह माया कहाती है और जहां सत्वगुण तो न्यूनहो और रजोगुण तमोगुण प्रधानहो वह अविद्या (अज्ञान) कहाती है और उसी अविद्यासे आच्छादित (ढका) आत्मा जो स्थूल शरीरका अभिमानी है उसकाही नाम जीव है और वह अविद्यामें ब्रह्मका प्रतिबिम्ब जीव अविद्याके नाशसे ब्रह्मरूप हो जाता है ॥

मायोपाधिः सन् ईश्वर इत्युच्यते एवं उपाधिभेदाज्जीवेश्वरभेददृष्टिर्यावत्पर्यंतं तिष्ठति तावत्पर्यंतं जन्ममरणादिरूपसंसारो न निव-

र्तते तस्मात्कारणान्न जीवेश्वरयो-र्भेदबुद्धिः स्वीकार्या ॥

मायारूप जिसकी उपाधि है वह ईश्वर कहाजाता है अर्थात् मायामें जो ब्रह्मका प्रतिबिंब है तिसका नाम ईश्वर है और वही जगत्का कर्ता है और माया(अविद्यारूप) उपाधियोंसे शुद्ध चैतन्य रूप परब्रह्म अपनी महिमामें स्थित होनेसे सत्यरूपहै—इस प्रकार माया और अविद्यारूप उपाधिके वशसे जीव और ईश्वरके विषय जबतक भेद-बुद्धि रहैगी तबतक जन्म मरण आदि रूप संसार निवृत्त नहीं होता है तिससे जीव और ईश्वरमें कदाचित्भी भेदबुद्धि नहीं करनी अर्थात जीव और ईश्वरको भी ज्ञानके द्वारा ब्रह्मरूपही समझना ॥

ननु साहंकारस्य किंचिज्ज्ञस्य जीव-स्य निरहंकारस्य सर्वज्ञस्येश्वरस्य

तत्त्वमसीति महावाक्यात् कथमभेदबुद्धिः स्यादुभयोः विरुद्धधर्माक्रान्तत्वात् ॥

कदाचित् कहो कि, अहंकारसे युक्त और सर्वज्ञ जो ईश्वर है उसकी तत्त्वमसि इस महावाक्यसे कैसे अभेदबुद्धि होगी, क्योंकि दोनों विरुद्ध धर्मोंसे आक्रांत (युक्त) हैं अर्थात् जो अल्पज्ञत्व अहंकार आदि धर्मवाला है वह सर्वज्ञत्व अहंकार रहित तत्त्व आदि धर्मवाला कैसे हो सकता है ॥

इति चेन्न। स्थूलसूक्ष्मशरीराभिमानी त्वंपदवाच्यार्थं उपाधिविनिर्मुक्तं समाधिदशासंपन्नं शुद्धं चैतन्यं त्वं पदलक्ष्यार्थः ॥

ऐसे मत कहो क्योंकि स्थूल और सूक्ष्म शरीरका जो अभिमानी त्वंपदका वाच्य अर्थ है

और उपाधिसे रहित समाधिदशासे युक्त जो शुद्ध चैतन्य वह त्वंपदका लक्ष्य अर्थ है अर्थात् तत्त्वमसि इस महावाक्यमें तत् त्वं असि-जो तीन यह हैं.उनका यह अर्थहै कि वह जगत्कर्ता,जो सर्वज्ञ ईश्वर है वही तू है-यहां- तत्पदका ईश्वर और त्वंपदका जीव और असिपदका-है-क्रमसे अर्थ हैं और इस पूर्वोक्त सामान्य अर्थसे भिन्न तत्त्वमसि इस महावाक्यका विशेष यह अर्थ है कि तत् और त्वम् पदके दो २ अर्थ हैं-एक वाच्य और दूसरा लक्ष्य-जैसे घटपदकावाच्य अर्थ गोलाकार है-और लक्ष्य अर्थ-मूलकारणरूप मृत्तिका है इसी प्रकार माया और अविद्याका सम्बन्ध जिसमें है वह तत् और त्वंपदका वाच्य अर्थ है और माया और अविद्याके सम्बन्धसे रहित जो ब्रह्म वह दोनों पदोंका लक्ष्य अर्थ है ॥

एवं सर्वज्ञत्वादिविशिष्ट ईश्वरः तत्पदवाच्यार्थः ॥ उपाधिशून्यं शुद्ध चैतन्यं तत्पदलक्ष्यार्थः॥ एवं च जीवेश्वरयोः चैतन्यरूपेणाऽभेदे बाधकाभावः ॥

इसी प्रकार–सर्वज्ञत्व आदि विशेषणोंसे युक्त जो ईश्वर वह तत् पदका वाच्य अर्थ है और उपाधिसे शून्य जो शुद्ध चैतन्यरूप ब्रह्म वह तत् पदका लक्ष्य अर्थ है–इस प्रकार–जीव और ईश्वर जो तत्पदके अर्थ हैं उनके चैतन्यरूप लक्ष्य अर्थ के अभेद (एकता) में कोई बाधक नहीं अर्थात् चैतन्यरूपसे जीव और ईश्वर एक हैं ॥

एवं च वेदान्तवाक्यैः सद्गुरूपदेशेन च सर्वेष्वपि भूतेषु येषां ब्रह्मबुद्धिरुत्पन्ना ते जीवन्मुक्ता इत्यर्थः ॥

ननु जीवन्मुक्तः कः । यथा देहोऽहं पुरुषोऽहं ब्राह्मणोऽहं शूद्रोऽहमस्मीति दृढनिश्चयस्तथा नाहं ब्राह्मणः न शूद्रः न पुरुषः किन्तु असंगः सच्चिदानंदस्वरूपः प्रकाशरूपः सर्वांतर्यामी चिदाकाशरूपोऽस्मीति दृढनिश्चयरूपाऽपरोक्षज्ञानवान् जीवन्मुक्तः।

इस रीतिसे वेदान्तवाक्येंाके द्वारा—श्रेष्ठगुरुके उपदेशसे जिन प्राणियोंकी संपूर्ण भूतोंमें ब्रह्मबुद्धि उत्पन्न होगई है वे जीवन्मुक्त हैं—प्र० जीवन्मुक्त किसको कहते हैं—उ०—जैसे मैं देहहूं—पुरुषहूं—ब्राह्मणहूं—शूद्रहूं—यह दृढनिश्चय है इसी प्रकार—न मैं ब्राह्मणहूं—न पुरुषहूं न शूद्रहूं-किन्तु असंग-सच्चिदानन्दस्वरूप-प्रकाशरूप-सबका अ-

न्तर्यामी चिदाकाशरूपहूं—यह दृढ निश्चयरूपहूं—अपरोक्षज्ञान जिसको है वह जीवन्मुक्त है ॥

ब्रह्मैवाहमस्मीत्यपरोक्षज्ञानेन निखिलकर्मबंधविनिर्मुक्तः स्यात् ॥ कर्माणि कतिविधानि संतीति चेत् आगामि संचितप्रारब्धभेदेन त्रिविधानि संति॥

ब्रह्महो मैंहूं—इस अपरोक्ष ज्ञानसे मनुष्य-संपूर्ण कर्मरूप बंधनोंसे विनिर्मुक्त होजाता है—अर्थात् छुटजाताहै कदाचित् कहो—कि कर्म के प्रकारकेहैं तो सुनो आगामि संचित प्रारब्ध-इन भेदोंसे कर्म तीन प्रकारके होते हैं ॥

ज्ञानोत्पत्त्यनंतरं ज्ञानिदेहकृतं पुण्यपापरूपं कर्म यदस्ति तदागामीत्यभिधीयते ॥

ज्ञानकी उत्पत्तिके अनंतर ज्ञानीके देहका किया जो पुण्यपापरूपी कर्म है वह आगामि कहाता

है—क्योंकि वह ज्ञानकी उत्पत्तिके पीछे होता है और वह भोगने योग्य है ॥

संचितं कर्म किम् । अनंतकोटिजन्मनां बीजभूतं सत् यत्कर्मजातं पूर्वार्जितं तिष्ठति तत्संचितं ज्ञेयम् ॥

प्र०—संचितकर्म किसको कहते हैं—उ०—अनंत कोटि जन्मोंका बीजरूप जो कर्मोंका समूह—पूर्व संचित—टिकाहुआ है वह संचित जानना अर्थात् अनेक जन्मोंमें किया हुआ पुण्य-पाप-जीवात्मामें—इकट्ठा रहता है ॥

प्रारब्धकर्म किमिति चेत् । इदं शरीरमुत्पाद्य इह लोके एवं सुखदुःखादिप्रदं यत्कर्म तत्प्रारब्धं भोगेन नष्टं भवति प्रारब्धकर्मणां भोगादेव क्षय इति ॥

प्र०—प्रारब्ध किसको कहते हैं—उ०—इस शरीरको उत्पन्न करके इस लोकमें—इस प्रकार सुख-दुःख आदिका दाता (देनेवाला) जो कर्म है वह प्रारब्ध कहाता है—और वह प्रारब्ध कर्म भोगसे ही नष्ट होजाताहै क्योंकि प्रारब्ध कर्मोंका भोगसे ही क्षय होता है यह नियमहै—क्योंकि इस वचनेमें यह लिखा है कि, कियाहुआ शुभ और अशुभ कर्म अवश्य भोगने योग्य है—विना भोगके कोटियों कल्पोंमें भी नष्ट नहीं होताहै ॥

संचितं कर्म ब्रह्मैवाहमिति निश्चयात्मकज्ञानेन नश्यति । आगामि कर्म अपि ज्ञानेन नश्यति । किंच आगामिकर्मणां नलिनीदलगतजलवत् ज्ञानिनां संबंधो नास्ति ॥

---

१ अवश्यमेव भोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभम् । नाभुक्तं क्षीयते कर्म कल्पकोटिशतैरपि ॥

संचित कर्मका नाश—मैं ब्रह्महीहूं इस निश्च-यात्मक ज्ञानसे होता है—और आगामि कर्म भी ज्ञानसे ही नष्ट होताहै परन्तु ज्ञानियोंको आगामि कर्मोंका संबंध इस प्रकार नहीं होता जैसे-कमलके पत्तोंपर जलका सम्बन्ध नहीं होता ॥

किंच ये ज्ञानिनं स्तुवंति भजंति अ-र्चयंति तान्प्रति ज्ञानिकृतम् आगा-मि पुण्यं गच्छति। ये ज्ञानिनं निं-दंति द्विषंति दुःखप्रदानं कुर्वंति ता-न्प्रति ज्ञानिकृतं सर्वम् आगामि क्रियमाणं यदवाच्यं कर्म पापात्मकं तद्गच्छति ॥

और ज्ञानीकी जो स्तुति-सेवा-करते हैं उनके प्रति ज्ञानीका किया आगामि पुण्य जाताहै अर्थात् मिलता है—और जो ज्ञानीकी निंदा वैर करते हैं ॥

वा दुःख देते हैं उनके प्रति आगामि जो ज्ञानीका किया हुआ पापरूप कर्म है वह जाता है–सोई–इस श्रुतिमें लिखा है कि, मित्र पुण्यकर्म और वैरी पाप कर्मोंको ग्रहण करते हैं ॥

तथा चात्मवित्संसारं तीर्त्वा ब्रह्मानंद मिहैव प्राप्नोति । तरति शोकमात्मविदिति श्रुतेः ॥

तिसी प्रकार आत्मज्ञानी संसारसे पारहोकर–इस जन्म में ही ब्रह्मानन्दको प्राप्त होताहै-सोई श्रुतिमें लिखा है कि आत्मज्ञानी शोकको तरता है–

तनुं त्यजतु वा काश्यां श्वपचस्य गृहेऽथवा ॥ ज्ञानसंप्राप्तिसमये मुक्तोऽसौ विगताशयः ॥ इति स्मृतेश्च ॥

इति तत्त्वबोधप्रकरणं समाप्तम् ॥

---

१ सुहृदः पुण्यकृत्यान्दुर्हृदः पापकृत्यान् गृह्णन्ति ।

२ तरति शोकमात्मवित्–

और यह स्मृति भी है कि, ज्ञानी काशीमें देहको त्यागो वा चाण्डालके घरमें त्यागो-परन्तु ज्ञानकी प्राप्तिके समयमें अन्तःकरणके मलोंसे रहित यह मुक्तरूपही है-अर्थात् ज्ञानीके मरणके लिये देश काल वस्तु-इनका नियम नहीं है ॥

इति श्रीपण्डितमिहिरचन्द्रकृत० तत्त्वबोध भाषाविवरणं स० ।

---

१ तनुं त्यजतु वा काश्यां श्वपचस्य गृहेथवा ।
ज्ञानसंप्राप्तिसमये मुक्तोसौ विगताशयः ॥

पुस्तक मिलनेका पता-खेमराज श्रीकृष्णदास,

"श्रीवेङ्कटेश्वर" (स्टीम्) यन्त्रालय खेतवाडी-बंबई.

श्रीगणेशाय नमः ।

आत्मबोधः ।

(श्रीशङ्कराचार्यविरचितो वेदान्तग्रंथः)

खेमराज श्रीकृष्णदास,

"श्रीवेङ्कटेश्वर" स्टीम्, प्रेस-मुंबई.

श्रीगणेशाय नमः ।

आत्मबोधः ।

(श्रीशंकराचार्यविरचितो वेदांतग्रंथः)

काशीस्थराजकीयप्रधानपाठशालापरीक्षोत्ती-
र्णलब्धप्रमाणविद्यार्थिपण्डितमिहिरच-
न्द्रकृतभाषाविवरणसहितः ।

सोयम्

श्रीकृष्णदासात्मजखेमराजेन

मुम्बय्यां

स्वकीये "श्रीवेङ्कटेश्वर" मुद्रणालये

मुद्रयित्वा प्रकाशितः ।

कार्तिक संवत् १९६४, शके १८२९.

भूमिका ।

एतदात्मबोधनामकम्प्रकरणम्परमपूज्यवेदान्तशास्त्राचार्यश्रीमच्छंकराचार्यप्रणीतम् अस्य चात्मबोधसाधकत्वेन संसारविच्छेदजनकतया मुमुक्षूपयोगितास्तीति सर्वजनप्रसिद्धम् आत्मबोधश्च धर्मार्थकाममोक्षरूपचतुर्विधपुरुषार्थान्तर्गतमोक्षसाधकः सचातिदुरूहबृहद्वेदांतप्रकरणैश्चिरसाध्योऽतःश्रीमदाचार्यैःसुखत आत्मबुद्ध्या एतल्लघुप्रकरणन्निरमायि एतस्यापि भाषारसिकसाधारण्येन प्रसिद्धिमीहमानैः श्रीमुंबापूःस्थश्रीकृष्णदासात्मजखेमराजश्रेष्ठिभिर्भाषोद्धृतयेऽहमयोजि-मया चैतद्यथामति भाषायामुद्धृत्य विद्वरणयोरर्प्यत इति शम् ॥

लाँखग्रामनिवासी—काशीस्थराजकीयप्रधानपाठशालापरीक्षोत्तीर्णः,

पं० मिहिरचन्द्रशर्मा.

॥ श्रीः ॥

आत्मबोधः

भाषाटीकासहितः ।

श्रीगणेशाय नमः ।

ॐ तपोभिः क्षीणपापानां शांतानां वीतरागिणाम् ॥ मुमुक्षूणामपेक्ष्योऽयमात्मबोधो विधीयते ॥ १ ॥

नत्वा ब्रह्म चिदानंदं भाषायामात्मबुद्धये ॥
मया मिहिरचंद्रेण आत्मबोधो वितन्यते ॥ १ ॥

भा०—कृच्छ्रचांद्रायण और नित्य नैमित्तिक उपासनाआदिके अनुष्ठान (करना) रूप तपोंसे अथवा—नेत्रआदि इन्द्रियोंके निग्रह-रूप तपसे—क्षीण भये हैं पाप जिनके अर्थात् राग-द्वेष आदि अंतःकरणके दोषोंसे रहित और

शान्त-अर्थात् क्षोभरहित और वीतराग अर्थात् इसलोक और परलोकके भोगोंकी इच्छासे शून्य जो मुमुक्षु-पुरुष हैं-अर्थात् जिनको जन्म-जरा-मरण-संसाररूप ग्रन्थिके छेदन करनेकी अभिलाषा है उन मुमुक्षु पुरुषोंको है अपेक्षा जिसकी ऐसा यह आत्मबोधप्रकरण विस्तारसे वर्णन करते हैं-अर्थात् जिससे आत्माका ज्ञान हो ऐसा प्रकरण लिखते हैं ॥ १ ॥

बोधोऽन्यसाधनेभ्यो हि साक्षान्मो-
क्षैकसाधनम् ॥ पाकस्य वह्निवज्ज्ञा-
नं विना मोक्षो न सिद्ध्यति ॥ २ ॥

भा०-कदाचित् कहो कि तप जप योग आदिसे-मोक्ष हो सकता है तो आत्मज्ञानको मोक्षका साधन कैसे कहते हो-सो ठीक नहीं-क्योंकि-अपने स्वरूपभूत जो आत्मा-उसका बोधही मोक्षका कारण श्रुतियोंसे सिद्ध है और कर्म

उपासना तो अन्तःकरणके शोधक हैं—इससे—आत्मबोधको मोक्षका साधन होनेमें—दृष्टान्त कहते हैं कि जैसे एक अग्निही—पाकका—साक्षात् कारण है—इसीप्रकार अन्यसाधनोंसे अर्थात् जप-तप—मंत्र आदि नानाप्रकारके कर्मोंकी अपेक्षासे बोध—मोक्षका एकही असाधारण साधन है--इससे ज्ञानके विना—मोक्ष सिद्ध नहीं होता—तात्पर्य यह है कि जैसे जगत्में--पाकके काष्ठ अन्न—जल—आदि सहकारि कारण हैं--इसीप्रकार परम्परासे जप तप आदिभी मोक्षके सहकारी कारण हैं—साक्षात् कारण नहीं--सोई-इन श्रुतियोंमें लिखाहै कि ज्ञानसेही मोक्ष होता है--ज्ञानके विना मोक्ष नहीं होता—प्रकाशरूप ब्रह्मको जानकर--सब पाशों-[बंधन] की हानि होतीहै--इससे--ज्ञानके विना मोक्ष सिद्ध नहीं होता--यह सिद्धान्त है ॥ २ ॥

---

(१) ज्ञानादेव तु कैवल्यम्—ऋते ज्ञानान्न मुक्तिः।
(२) ज्ञात्वा देवं सर्वपाशापहानिः।

अविरोधितया कर्म नाविद्यां वि-
निवर्तयेत् ॥ विद्याऽविद्यां निह-
न्त्येव तेजस्तिमिरसंघवत् ॥ ३ ॥

भा०--कदाचित् कहो कि विचित्र शक्तिवाले कर्मोंकेही द्वारा जनकआदि सिद्धिको प्राप्त हुए इससे--कर्मोंके द्वारा अज्ञानका नाश होनेसेही मुक्ति हो जायगी--ज्ञानसे अज्ञानका नाश क्यों मानते हो--सो ठीक नहीं--क्योंकि जो पदार्थ जिसका विरोधी नहीं होता वह उसके नष्ट करनेमें समर्थभी नहीं होता-इससे अज्ञानके अविरोधी कर्म अज्ञानको नष्ट नहीं कर सके--और कर्मसेही जनक आदि संसिद्धिको प्राप्त भये--वहां संसिद्धि शब्दसे अन्तःकरणकी शुद्धि लेते हैं मुक्ति नहीं--इस बातको--दृष्टान्तसे--स्पष्ट करते हैं कि--अज्ञानके अविरोधि होनेसे कर्म अविद्याको निवृत्त नहीं कर

सत्ता—क्योंकि ये दोनों जडपदार्थ हैं—इससे-मैं शुद्ध बोध-मुक्तस्वरूप ब्रह्म हूं-इसप्रकारका जो विद्यारूप ब्रह्म और जीवात्माकी एकताका ज्ञान है-वही-मैं मनुष्य हूं-सुखी हूं-दुःखी हूं—इत्यादि अविद्यारूप अज्ञानका इसप्रकार निवर्तक है जैसे-सूर्यआदिका प्रकाशरूप तेज अन्धकारका निवर्तक होताहै—तिससे आत्मज्ञानके प्रकाशकालमेंही सम्पूर्ण अज्ञानका नाश होजाताहै ॥ ३ ॥

परिच्छिन्न इवाज्ञानात्तन्नाशे सति
केवलः ॥ स्वयं प्रकाशते ह्यात्मा
मेघापायेंऽशुमानिव ॥ ४ ॥

भा०—कदाचित् कहो कि—आत्मा प्रतिशरीरमें परिच्छिन्न है—अर्थात् जन्मसेही-नाशवान् प्रतीत होता है तो जीव ब्रह्मकी एकताके ज्ञानसे अज्ञानकी निवृत्ति कैसी बनसक्ती है—सो ठीक नहीं क्योंकि, अज्ञानसे यद्यपि आत्मा परिच्छिन्नके

समान प्रतीत होता है तथापि अज्ञानके नाश होते ही अपरिच्छिन्नके समान स्वयम्प्रकाशरूप होजाता है-इस बातको-दृष्टान्तसे-स्पष्ट करते हैं कि--सर्वत्र व्यापकरूप अद्वितीय आत्मा--अज्ञानसे कल्पित देव मनुष्य आदि--शरीरोंके अध्यास (भ्रम) से परिच्छिन्न (आच्छादित) के समान-प्रतीत होता है-और जब-तत्त्वमसि-आदि महावाक्योंके द्वारा-आत्मा और ब्रह्मकी एकताका ज्ञान हो जाता है-तब अज्ञानके किये-मिथ्या अध्यासरूप आरोपका नाश-होनेसे-आत्मा केवल-अर्थात् सजातीय-विजातीय-स्वगत आदि तीनों भेदोंसे रहित--स्वप्रकाश ब्रह्मरूप प्रतीत इस प्रकार होताहै जैसे आवरणाल्प--मेघोंका नाश होनेपर--प्रकाशरूप सूर्य प्रतीत होता है इससे यह सिद्ध है--अज्ञानके नाश होते ही- आत्मा-- स्वय प्रकाशमान ब्रह्मरूप हो जाता है ॥ ४ ॥

अज्ञानकलुषं जीवं ज्ञानाभ्यासाद्वि निर्मलम् ॥ कृत्वा ज्ञानं स्वयं नश्येज्जलं कतकरेणुवत् ॥ ५ ॥

भा०—कदाचित् कहो कि अज्ञानके नाशसे केवल ब्रह्मरूप आत्माका होना असम्भव है—क्यों कि—अज्ञानके नाश करनेवाली जो वृत्ति हैं—उनके ज्ञानसे—द्वैतकी प्राप्ति होयगी ब्रह्मज्ञानकी नहीं सो ठीक नहीं—यद्यपि—जीवात्मा अज्ञानसे मलिन है तथापि वास्तवमें—शुद्ध—है इस बातको दृष्टान्तसे स्पष्ट करते हैं—कि कर्ता भोक्ता सच्चिदानंदस्वरूप आत्मा—यद्यपि अज्ञानसे—अपनेको कर्त्ता भोक्ता जीवरूप भ्रमके द्वारा मानता है; इससे अज्ञानसे—मलिन भी जीव—ज्ञानके अभ्याससे—निर्मल है, अर्थात्—कर्त्ता—भोक्तासे भिन्न—सच्चिदानन्द—कूटस्थ साक्षीरूप—ब्रह्म है—इस पूर्वोक्त ज्ञानाकार

जो वृत्ति हैं वे ज्ञानको उत्पन्न करके इस प्रकार नष्ट हो जाती हैं जैसे कतकरेणु निर्मली बूटि जलको निर्मल करके आप भी नष्ट हो जाती है इससे ज्ञानके अभ्याससे जीवात्माके निर्मल होनेमें कुछ भी संशय नहीं है. ॥ ५ ॥

संसारः स्वप्नतुल्यो हि रागद्वेषादिसंकुलः ॥ स्वकाले सत्यवद्भाति प्रबोधेऽसत्यवद्भवेत् ॥ ६ ॥

भा०—कदाचित् कहो कि साक्षात् प्रत्यक्षरूपसे जब संसार सत्य प्रतीत होता है तो आत्माकी केवलरूपताके ज्ञानसे अद्वैत ब्रह्मज्ञान कैसे हो सक्ता है. सो ठीक नहीं. क्योंकि, मिथ्या जगत् से आत्माकी अद्वैततामें हानि नहीं होसक्ती इसी बातको स्वप्नके दृष्टांतसे सिद्धकरते हैं कि रागद्वेष आदिसे युक्त जो स्वप्नके तुल्य संसार है वह

निद्राके समयमें स्वप्नके तुल्य जो अपनी स्थिति है उसके समयमें सत्यके समान यद्यपि प्रतीत होता है तथापि प्रबोधके होनेपर अर्थात् आत्मा और ब्रह्मकी एकताका जो ज्ञान उसके अनंतर क्षणमें ही असत्य (मिथ्या) के समान हो जाता है इसी से मिथ्याभूत जगतसे आत्माकी अद्वैततामें कोई हानि नहीं है ॥ ६ ॥

तावत्सत्यं जगद्भाति शुक्ति-
का रजतं यथा ॥ यावन्न ज्ञायते
ब्रह्म सर्वाधिष्ठानमद्वयम् ॥ ७ ॥

भा०—जगत्के अधिष्ठान कूटस्थ साक्षीरूप आत्माका जबतक ज्ञान नहीं होता है तबतक ही संसार सत्यके समान प्रतीत होता है इस बातको दृष्टांतसे स्पष्ट करते हैं कि जैसे जबतक नीलपृष्ठ त्रिकोणाकारशुक्तिका ज्ञान नहीं होता तबतक

ही शुक्ति (सीपी) का रजत (चांदी) सत्यके समान प्रतीत होता है तिसी प्रकार जबतक सबके अधिष्ठान अद्वैत ब्रह्मका ज्ञान नहीं होता है तबतकही जगत् सत्य प्रतीत होता है और ब्रह्मज्ञानके होतेही शुक्ति रजतके समान मिथ्या प्रतीत होने लगतीहै ॥ ७ ॥

सच्चिदात्मन्यनुस्यूते नित्ये विष्णौ
प्रकल्पिताः ॥ व्यक्तयो विविधाः
सर्वा हाटके कटकादिवत् ॥ ८ ॥

भा०–तिससे संपूर्ण जगत् ब्रह्ममें कल्पित है इस बातको दृष्टांतसे दृढ करते हैं कि, सत् चित् आत्मा स्वरूप और अनुस्यूत अर्थात् जैसे सूत्रमें मणि और मणिमें सूत्र अनुगत हैं इस प्रकार ओत प्रोत और नित्य और व्यापक (चराचरमें स्थित) और सबके उपादान कारणरूप ब्रह्ममें

नाना प्रकारकी जो देव, मनुष्य, पशु, कीटआदि व्यक्ती हैं अर्थात् मूर्तिमान् नामरूपात्मक जगत् है वे सब इसप्रकार कल्पित हैं जैसे सुवर्णमें कटक, कुंडल आदि कल्पनामात्र हैं वस्तुतः सुवर्णही सत्य है—इससे नामरूपात्मक जगत् मिथ्यारूप है और शुद्धरूप आत्मा सत्य है इसमें कोई संदेह नहीं है ॥ ८ ॥

यथाकाशो हृषीकेशो नानोपा-
धिगतो विभुः ॥ तद्भेदाद्भिन्नव-
द्भाति तन्नाशे सति केवलः ॥ ९ ॥

भा०—कदाचित् कहो कि, प्रपंच मिथ्याभी है और जीवभेद सत्य है तो प्रपंचके अधिष्ठान-रूप परमात्मामें सत्यता और अद्वितीयरूपता कैसे प्रतीत होसकती है सो ठीक नहीं क्योंकि वास्तवमें तो आत्मा अद्वितीय है और भेद

कल्पित है इस बातकोही दृष्टांतसे स्पष्ट करते हैं कि जैसे व्यापकरूप आकाश घट मठ आदि उपाधियोंमें प्रविष्ट होकर तिस २ उपाधिके भेदसे घटाकाश मठाकाशरूप प्रतीत होताहै इसी प्रकार संपूर्ण इंद्रियों (अंतःकरण आदि) का ईश्वर [प्रेरक] विभु नाना प्रकारकी जो देह आदि उपाधि हैं उनमें प्रविष्ट हुआ उन उपाधियोंके भेदसे भिन्न २ प्रतीत होताहै और उपाधियोंके नाश होनेपर केवल [एक] ब्रह्मरूप प्रतीत होताहै ॥ ९ ॥

नानोपाधिवशादेव जातिनामा-
श्रमादयः ॥ आत्मन्यारोपिता-
स्तोये रसवर्णादिभेदवत् ॥ १० ॥

भा०—कदाचित् कहो कि यदि मैं ब्राह्मण-ब्रह्मचारी-संन्यासी-हूं इत्यादि जाति वर्ण आश्रम-आदि

नाना प्रकारके धर्मोंसे युक्त आत्मा प्रतीत होताहै तो असंग कैसे कहतेहो सो ठीक नहीं-क्योंकि-जाति-वर्ण-आश्रम-आदि धर्म असंग आत्मामें कल्पित हैं-वास्तवमें नहीं-इस बातका दृष्टांतसे वर्णन करते हैं कि-पूर्वोक्त नाना प्रकारकी देह आदि उपाधियोंकी महिमासेही असंग आत्माके विषै-जाति-नाम-आश्रम आदि-इसप्रकार आरोपित हैं-अर्थात् भ्रमसे प्रतीत होते हैं-जैसे-जलके विषै-रस-(कटु-कषाय-लवण आदि) और-रक्त पीत श्याम आदि रंग-प्रतीत होते हैं-अर्थात्-तिस तिस-रस रंग-की एकतासे जलकाभी वही रंग प्रतीत होताहै-इसी प्रकार जातिआदिकोंके संग-एकतासे आत्मामें भी भ्रमसे जाति-वर्ण-प्रतीत होते हैं. वस्तुतः आत्मामेंभी जातिआदि कोईभी धर्म नहीं है ॥ १० ॥

पंचीकृतमहाभूतसंभवं कर्मसंचि-
तम् ॥ शरीरं सुखदुःखानां भोगाय-
तनमुच्यते ॥ ११ ॥

भा०—अब अविद्यासे कल्पित उपाधियोंके स्वरूपको कहते हैं कि, पंचीकरण किये-जो पृथिवी-जल-तेज—वायु—आकाश-पांच महाभूत हैं—जगत्के परिणामी उपादानरूप उनसे है—उत्पत्ति जिसकी ऐसा जो प्रारब्धकर्मसे संचित (रचित) स्थूल शरीर है वह आत्माके सुख दुःखोंका जो भोग उसका आयतन (स्थान) काहता है ॥ ११ ॥

पंचप्राणमनोबुद्धिदशेंद्रियसमन्वि-
तम् ॥ अपंचीकृतभूतोत्थं सूक्ष्मां-
गं भोगसाधनम् ॥ १२ ॥

भा०—अब सूक्ष्म शरीररूप उपाधिको कहतेहैं कि-प्राण-अपान-उदान-व्यान-समान-और संकल्प

विकल्परूप अन्तःकरणके-वृत्ति है नाम जिसका ऐसा मन, और निश्चयात्मक अंतःकरण-की वृत्तिरूप बुद्धि, और श्रोत्र, त्वचा, चक्षु, जिह्वा, घ्राण ये पांच ज्ञानेंद्रिय और वाणी, हस्त, पाद, गुदा, लिंग, ये पांच कर्मेंद्रिय-इन सत्रह तत्त्वोंसे युक्त, और पञ्चीकरण नहीं किये पांच सूक्ष्म महाभूतोंसे उत्पन्न, जो सूक्ष्म शरीर है वह आत्माके भोगोंका साधन [हेतु] है-यह आत्माकी तीसरी उपाधि है ॥ १२ ॥

अनाद्यविद्यानिर्वाच्या कारणो-
पाधिरुच्यते ॥ उपाधित्रितयाद-
न्यमात्मानमवधारयेत् ॥ १३ ॥

भा०-अब कारणशरीररूप तीसरी उपाधि-को कहते हैं कि अनादि जो सत्य असत्य कहनेके अयोग्य और जगत्की उत्पत्ति करनेमें समर्थ

माया है—यदि वह माया सत्य है तो ज्ञानसे नष्ट न होगी और असत्य है तो उससे जगत्की उत्पत्ति न होगी इससे सत्य असत्य रूपसे अनिर्वचनीया है ऐसी जो समष्टि व्यष्टिरूप जगत्—स्थूल सूक्ष्मरूप शरीरआदिका उपादान कारण माया है वह कारण उपाधि कहाती है इन—पूर्वोक्त स्थूल, सूक्ष्म, कारण शरीररूप उपाधियोंसे भिन्न आत्माका निश्चय करै अर्थात् इन तीनों उपाधियोंके साक्षीरूप आत्माको इस प्रकार भिन्न समझे जैसे घटआदिका द्रष्टा घटआदिसे भिन्न होता है ॥ १३ ॥

पंचकोशादियोगेन तत्तन्मय इव स्थितः ॥ शुद्धात्मा नीलवस्त्रादियोगेन स्फटिको यथा ॥ १४ ॥

भा०—कदाचित् कहो कि पूर्वोक्त तीन उपाधि-

यों से भिन्न सच्चिदानंदरूप आत्मा नहीं हो सक्ता क्योंकि आत्मा प्रत्यक्षमें अन्नमयआदि कोशरूप इस श्रुतिसे प्रतीत होता है कि वह यह पुरुष अन्नरसमय है इससे कोशही आत्मा है कोशों से भिन्न नहीं सो ठीक नहीं क्योंकि आत्मा जो अन्नमयआदि कोशरूप प्रतीत होता है वह देह और आत्माकी एकताके भ्रमसे है-वास्तवमें आत्मा भिन्न है इस बातको दृष्टांतसे स्पष्ट करते हैं कि, अन्नके रससे उत्पन्न-अन्नसे बढा-पृथिवीरूप अन्नमें लीन, वह अन्नमयकोश और पांच कर्मेंद्रिय और पांच प्राणरूप प्राणमयकोश-और पांच ज्ञानेंद्रिय और मनरूप मनोमयकोश-और पांच ज्ञानेंद्रिय और बुद्धिरूप विज्ञानमयकोश-और मलिन सत्व गुण है प्रधान जिसमें ऐसी जो कारण शरीररूप-प्रिय मोद आदि वृत्तियोंसहित अवि-

१ स वा एष पुरुषोऽन्नरसमयः।

द्या है वह आनंदमयकोश होता है—इन पांचों कोशोंके योगसे अर्थात् कोशोंकी महिमासे आच्छादित है सत् चित् आनंदरूप जिसका ऐसा आत्मा तिस २ कोशरूपके समान स्थित है अर्थात् कोशोंके संग एकताके भ्रमसे अन्नमय आदिरूप प्रतीत होता है और आदिपदके देनेसे स्थूल, कृश, और क्षुधा, तृषा आदि धर्मवान् भी भ्रमसे ही प्रतीत होता है वास्तवमें तो आत्मा शुद्धचेतनरूप है तथापि जिस २ कोशके संग आत्माकी एकताका भ्रम होता है उस २ कोश रूपही आत्मा प्रतीत होता है जैसे मैं मनुष्य मोटा हूं—यह अन्नमय—मैं भूखा प्यासा हूं—यह प्राणमय—देह घर पुत्र आदि मेरे हैं—यह मनोमय-मैं ज्ञानी हूं—मूर्ख हूं—यह विज्ञानमय—मैं सुखी हूं यह आनंदमय—कोशरूप प्रतीत होता है इस प्रकार कोशोंके जो मिथ्या धर्म हैं वे आत्मामें भ्रमसे

प्रतीत होते हैं–स्वभावसे आत्मामें कोईभी धर्म नहीं है–और पूर्वोक्त श्रुतिमें जो आत्माको अन्नर-समय कहा है वह सूक्ष्म ब्रह्मरूप वस्तुके ज्ञानार्थ है क्योंकि आत्मा एक है और कोश अनेक हैं–और कोश उत्पन्न और विनाशी हैं आत्मा अवि-नाशी है और–कोश धर्मी है आत्मा धर्मरहित है इन कारणोंसे आत्मा कोशरूप कैसे हो सक्ता है और आत्माकी जो तिस २ कोशरूप प्रतीति है वह इस प्रकार भ्रमसे है जैसे स्वभावसे शुद्ध भी स्फटिक नील पीत वस्त्र आदिके योगसे नीला और पीला प्रतीत होताहै ॥ १४ ॥

वपुस्तुषादिभिः कोशैर्युक्तं युक्त्या-
वघाततः ॥ आत्मानमंतरं शुद्धं
विविच्यात्तंडुलं यथा ॥ १५ ॥

भा०–यद्यपि कोश और आत्माकी एकरूप-

ताके अभ्याससे आत्मा कोशरूप प्रतीत होता है तथापि कोशोंसे पृथक् आत्माके विवेक करनेसे आत्मा शुद्धरूप प्रतीत होसक्ता है इस बातको दृष्टांतसे स्पष्ट करते हैं कि, जैसे तुष (भूसी) आदिसे युक्त भी चावलोंका शुद्ध आकार कूटना आदि युक्तिके द्वारा भिन्न शुक्लरूप प्रतीत होता है तैसेही अन्नमयआदि कोशोंकी विचाररूप युक्तिके द्वारा कोशोंके भीतर व्यापकरूप आत्माके शुद्धरूपकी प्रतीति होती है—और अन्नमय कोश पंचमहाभूतोंका कार्य होनेसे घटआदिके समान आत्मा नहीं होसक्ता और अन्नमयकोश (देह) को आत्मा मानोगे तो वर्तमान शरीरमें जो सुखदुःख भोगजाते हैं वे विना कर्मकेही मानने पडेंगे और इस शरीरके जो पुण्यपापरूप कर्म है उनका विना फल भोगेही नाश मानना पडेगा इस प्रकार अकृतका अभ्यागम और कृतका नाशरूप

दोष हो जायगा-क्योंकि शरीररूप आत्मा जन्म-से पूर्व और मरणके अनंतर नहीं रहता है इससे अन्नमयकोशरूप आत्मा नहीं है और अपंचीकृत पांच महाभूतोंका कार्य जडरूप जो प्राणमय-कोश है यह भी आत्मा नहीं है क्योंकि वह जड है और आत्मा चेतन है-और स्थूलदेहके समान मनोमयकोशभी आत्मा नहीं है क्योंकि मन संकल्प विकल्पात्मक है और आत्मा संकल्प-विकल्पसे रहित है और मन सत्वगुणका कार्य है और आत्मा नित्य है-और विज्ञानमयकोशभी आत्मा नहीं है क्योंकि विज्ञानमय सत्वगुणका कार्य है और परिणामी है और आत्मा परिणामी-से भिन्न है-और आनंदमयकोशभी आत्मा नहीं है क्योंकि अविद्या वृत्तिवाला वह घटआदि के समान जड है और प्रिय मोद आदि वृत्तियोंसे युक्त है और आत्मा वृत्तियोंसे रहित और नित्य है

इसप्रकार पंच कोशोंसे भिन्न जो परमात्मा है वह सच्चिदानंद साक्षीरूप है ॥ १५ ॥

तदा सर्वगतोऽप्यात्मा न सर्वत्राऽवभासते ॥ बुद्धावेवावभासेत स्वच्छेषु प्रतिबिंबवत्॥ १६ ॥

भा०—यदि आत्मा व्यापक ब्रह्मस्वरूप है तो सर्वत्र प्रतीत होना चाहिये इस शंकाका उत्तर देते हैं कि आत्मा तीनों कालोंमें सब वस्तुओंमें व्यापकरूपसे वर्तमान भी है तो भी सर्वत्र प्रतीत नहीं होता अर्थात् अस्ति, भाति, प्रियरूपसे सदैव संपूर्ण घट आदि पदार्थोंमें यद्यपि अनुभवरूप आत्मा व्यापक है तथापि ज्ञाता (जाननेवाला) रूप आत्मा बुद्धिके विषे ही इस प्रकार भासता है जैसे स्वच्छ पदार्थमें ही सूर्य आदिका प्रतिबिंब पडता है मलिनमें नहीं अर्थात् सत्वगुणका

कार्य होनेसे शुद्ध जो बुद्धि है उसमें इस प्रकार आत्माका भान होता है जैसे घट पट कांच आदि मृत्तिकाके कार्योंमें निर्मल जो दर्पण उसमें ही मुख आदिका और अपनी किरणोंके द्वारा सर्वत्र व्यापक सूर्यका जलमें ही प्रतिबिंब पडता है घट आदिके विषे नहीं—इससे यह सिद्धभया कि देह आदि जो रजोगुण तमोगुणके कार्य हैं उनमें आत्माकी प्रतीति नहीं होसकती ॥ १६ ॥

देहेंद्रियमनोबुद्धिप्रकृतिभ्यो वि-
लक्षणम् ॥ तद्वृत्तिसाक्षिणं विद्या-
दात्मानं राजवत्सदा ॥ १७ ॥

भा०—देह इंद्रिय आदिके विषे वर्तमान भी आत्मा उनसे भिन्न है इस बातको दृष्टांतसे स्पष्ट करते हैं कि देह दश इंद्रिय मन बुद्धि और प्रकृति (माया) इनसे विलक्षण अर्थात् देहआदि माया-

के कार्य और जड, परिणामी, दृश्य हैं और आत्मा इनसे भिन्न चेतनरूप, परिणाम रहित, अदृश्य, सत्यरूप है और देह आदिकी वृत्तियोंका साक्षी है—अर्थात् देहकी बाल्यावस्थारूप वृत्ति और रूप आदिमें नेत्र आदिकी वृत्तियोंके साक्षी आत्माको सदैव राजाके समान जाने जैसे सभामें स्थित राजा सभामें स्थित संपूर्ण मनुष्योंका साक्षी प्रेरक है और उनसे भिन्न है इसी प्रकार आत्माकोभी देह आदिसे भिन्न और देह आदिका साक्षीरूप जाने ॥ १७ ॥

व्यापृतेष्विंद्रियेष्वात्मा व्यापारीवाविवेकिनाम् ॥ दृश्यतेऽभ्रेषु धावत्सु धावन्निव यथा शशी ॥ १८ ॥

भा०—कदाचित् कहो कि आत्मा भी व्यवहार वाला देह इंद्रिय आदिके संघातमें प्रतीत होताहै

इससे साक्षीरूप नहीं होसकता क्योंकि साक्षी उनसे भिन्न होताहै जिनका साक्षी होताहै. सो ठीक नहीं क्योंकि अज्ञानियोंको भ्रमसे आत्मा व्यवहारीके समान प्रतीत होताहै वस्तुतः आत्मामें कोईभी व्यापार नहीं है इस बातको दृष्टांतसे स्पष्ट करते हैं कि नेत्र आदि इंद्रिय जब अपने अपने व्यापारोंमें व्यवहार करती हैं अर्थात् अपने २ विषयोंको ग्रहण करती हैं तब इन्द्रियोंके व्यवहार करनेपर आत्माभी व्यवहार करनेवालेके समान अविवेकियोंको प्रतीत होताहै अर्थात् मूर्ख पुरुष आत्माकोभी व्यवहारी मानलेते हैं और वह उनका मानना इसप्रकार भ्रमसे है कि, जैसे मेघोंके चलनेपर चंद्रमाभी चलता प्रतीत होताहै–और बुद्धिमान् मनुष्य–मेघोंके समान न चंद्रमाको चलता मानतेहैं और न आत्माको व्यापारी मानते हैं क्योंकि वस्तुतः आत्मा व्यापाररहित है ॥ १८ ॥

आत्मचैतन्यमाश्रित्य देहेंद्रि-
यमनोधियः ॥ स्वकीयार्थेषु वर्त-
ते सूर्यालोकं यथा जनाः ॥ १९ ॥

भा०—कदाचित् कहो कि देह इन्द्रिय आदि जडपदार्थ व्यापारी हैं तो चेतनभी मानने चाहिये और देह इन्द्रिय आदि चेतन होंयगे तो वे आत्मरूपभी होजायँ गे सो ठीक नहीं—क्यों कि चेतन आत्माके आश्रयसे ही देह इन्द्रिय—अपने २ व्यवहारमें वर्तें हैं इस बातको दृष्टान्तसे प्रगट करतेहैं कि आत्माकी चेतनताका आश्रय लेकर देह-इन्द्रिय—मन—बुद्धि—ये अपने अपने विषयोंमें इस प्रकार वर्तीहैं जैसे सूर्यके प्रकाशके आश्रयसे सम्पूर्ण जन अपने अपने व्यवहारमें वर्तते हैं—इससे देह इंद्रिय आदि स्वतः चेतन नहीं किन्तु आत्माकी चेतनता ही उनमें प्रतीत होती है इसीसे वे आत्मरूप नहीं होसक्ते ॥ १९ ॥

देहेंद्रियगुणान्कर्माण्यमले सच्चि-
दात्मनि ॥ अध्यस्यंत्यविवेकेन
गगने नीलिमादिवत् ॥ २० ॥

भा०—कदाचित् कहो कि आत्मा चेतनरूप है तों भी उसमें जन्म—मरण—यौवन—वृद्ध—काण—बधिर—दर्शन—श्रवण—आदि व्यवहार प्रतीतहोनेसे आत्मा--जन्म--मृत्यु-वाला प्रतीत होताहै--सो ठीक नहीं--क्योंकि, पूर्वोक्त जन्म--मृत्यु-आदि--व्यवहार जो आत्मामें प्रतीत होते हैं वे—अविवेकसे आत्माके विषे आरोपित हैं वस्तुतः आत्मा देह—इंद्रिय आदिके धर्मोंसे रहित है-इस बातको दृष्टांतसे दृढ करतेहैं कि, देह—और इन्द्रियोंके जो अन्ध,बधिर, आदि धर्म हैं और गमन--वचन आदि जो कर्म हैं उनको-निर्मल अर्थात् अज्ञानके कार्य-देह-इंद्रिय-नाम-रूप-संसार-आदि मलसे रहित सच्चित्-आनंद-स्वरूप—आत्मामें—अविवेकसे मूढ पुरुष इसप्र-

कार आरोप करते हैं जैसे रूपरहित आकाशमें अविवेकसे नील पीत रंगोंका अज्ञानी पुरुष आरोप करते हैं—वस्तुतः आत्मामें जन्म—मरण आदि कोई भी धर्म नहीं है ॥ २० ॥

अज्ञानान्मानसोपाधेः कर्तृत्वा-
दीनि चात्मनि ॥ कल्प्यंतेऽम्बुगते
चन्द्रे चलनादिर्यथांभसः ॥ २१ ॥

भा०—कदाचित् कहो कि, देह आदिके जन्म आदि धर्म आत्माके विषय, मत हो—परंतु मैं कर्त्ता-भोक्ता-पुण्यवान्-पापी-सुखी-दुःखी हूं—इत्यादि प्रतीतिसे आत्मा कर्त्ता और भोक्ता प्रतीत होता है और नैय्यायिक आत्माको कर्त्ता भोक्ता मानते भी हैं सो ठीक नहीं क्यों कि, कर्तृत्व-भोक्तृत्व-आदि :अन्तःकरणके धर्म हैं वे अन्तःकरण और आत्माकी एकरूपताके अध्यास (भ्रम) से

आत्मामें आरोपित (माने) हैं इस बातको दृष्टान्तसे स्पष्ट करते हैं कि मनकी उपाधि जो कर्तृत्व-भोक्तृत्व आदि धर्म हैं—उनसे आत्माका सच्चिदानंदरूप आच्छादित (ढका) है—इससे आत्माके यथार्थ रूपको न जानकर—नैयायिक आदि अज्ञानी पुरुष-कर्तृत्व-भोक्तृत्व आदि धर्मोंकी आत्माके विषे अज्ञानसे इस प्रकार कल्पना करते हैं जैसे—चलने आदि जलके धर्मोंको जलमें प्रतिबिम्बित चंद्रमामें मान लेते हैं इससे आत्मा न कर्ता है न भोक्ता है ॥ २१ ॥

रागेच्छासुखदुःखादि बुद्धौ स-
त्यां प्रवर्त्तते ॥ सुषुप्तौ नास्ति त-
न्नाशे तस्माद्बुद्धेस्तु नात्मनः ॥२२॥

भाषा—अब राग-इच्छा-आदि जो अन्तःकरणके धर्म हैं वे भी अज्ञानसे आत्मामें कल्पित हैं—इस बातको अन्वयव्यतिरेक युक्तिसे कहते हैं

कि, विषयोंकी विशेष अभिलाषारूप और सामान्य अभिलाषारूप इच्छा-और सुख-दुःख कर्तृत्व- भोक्तृत्व- आदि- संपूर्ण- धर्म- जाग्रत् और स्वप्न अवस्थाके विषे-बुद्धि रहती है तो राग आदि प्रवृत्त होते हैं-और सुषुप्ति-अवस्थामें अपने कारणरूप अज्ञानमें बुद्धिका लय होनेसे कोई भी राग आदि धर्म प्रतीत नहीं होता अर्थात् बुद्धिके होनेपर रागोंका होनारूप अन्वय बुद्धिके नाश होनेपर-रागोंका न होनारूप व्यतिरेक इन अन्वय-व्यतिरेकोंसे पूर्वोक्त राग आदि धर्म-बुद्धिके हैं-आत्माके नहीं ॥ २२ ॥

प्रकाशोऽर्कस्य तोयस्य शैत्यम-
ग्नेर्यथोष्णता ॥ स्वभावः सच्चिदा-
नंदनित्यनिर्मलतात्मनः ॥ २३ ॥

भा०-कदाचित् कहो कि यदि आत्माका

स्वभाव रागआदिरूप नहीं तो आत्माका स्वभाव कैसा है—इस शंकाके उत्तरमें—दृष्टान्तोंसे आत्मा-के स्वभावका वर्णन करते हैं कि, जैसे सूर्यका प्रकाश स्वभाव है और जलका शीत स्वभाव है—और अग्निका उष्ण स्वभाव है—इसी प्रकार आत्मा-का सत् चित् आनन्द-नित्यनिर्मल स्वभावहै॥२३॥

आत्मनः सच्चिदंशश्च बुद्धेर्वृत्ति-
रिति द्वयम् ॥ संयोज्य चाविवेके-
न जानामीति प्रवर्तते ॥ २४ ॥

भाषा—कदाचित् कहो कि, मैं जानताहूं और मैं सुखीहूं इस ज्ञानका आश्रय आत्मा प्रतीत होता है तो उसको निर्विकार सच्चिदानन्द कैसे कहसक्ते हो—इस शंकाके उत्तरमें लिखते हैं कि, आत्माका सत्—चित्—अंश जो बुद्धिकी वृत्तिमें पड़ता है और अज्ञानरूप आनन्दका अंश जो बुद्धिकी वृत्ति

है—इन दोनोंको अविवेकसे मिलाकर मैं—जानता हूं—मैं सुखीहूं—इत्यादि—व्यवहारोंमें जीव प्रवृत्त होता है- और वस्तुतः असंग आत्मामें ज्ञान-श्रवण—सुख—दुःख आदि—नहीं होसक्ते—क्योंकि-ज्ञान और सुखाकारवृत्ति बुद्धिका परिणाम है-इससे ज्ञान आदिका आश्रय बुद्धि है आत्मा नहीं—आत्मामें जो इनकी प्रतीति है वह बुद्धि और आत्माकी एकताके भ्रमसे है-इससे आत्मा निर्विकार सच्चिदानन्द रूप है ॥ २४ ॥

आत्मनो विक्रिया नास्ति बुद्धेर्बो-
धो न जात्विति ॥ जीवः सर्वमलं
ज्ञात्वा कर्ता द्रष्टेति मुह्यति ॥ २५ ॥

भाषा—अब इस पूर्वोक्तकाही विशेषकर वर्णन करते हैं—आत्मामें कोई विकार नहीं है क्योंकि इस श्रुतिके अनुसार आत्मा—निर्गुण

---

१ निर्गुणं निष्क्रियं शान्तं निरवद्यं निरंजनम् ।

क्रियारहित–शांत–पापरहित–और निरंजन (निर्मल) है । और इस स्मृतिमेंभी लिखा है कि, आत्मा अव्यक्त चिन्ताके अयोग्य और विकाररहित है–और बुद्धिमें–कदाचित् भी बोध (ज्ञान) नहीं है–क्योंकि बुद्धि मायाका कार्य होनेसे जड है–तथापि–अन्तःकरणमें प्रतिबिम्बित चेतनकी चेतनतासे संपूर्ण देह इंद्रिय आदि जडपदार्थ–चेतनरूप प्रतीत होते हैं इससे अन्तः–करण और आत्माके अभेदज्ञानसे बुद्धिके कर्ता भोक्ता आदि धर्म–भ्रमसे आत्मामें प्रतीत होते हैं–इससे जीव सबको अपनेमें जानकर मैं कर्ताहूं–और द्रष्टाहूं–इस प्रकार मोहको प्राप्त होता है ॥ २५ ॥

रज्जुसर्पवदात्मानं जीवं ज्ञात्वा-
भयं वहेत् ॥ नाहं जीवः परात्मेति
ज्ञातं चेन्निर्भयो भवेत् ॥ २६ ॥

---

१ अव्यक्तोयमचिन्त्योयमविकार्य्योयमुच्यते ।

भाषा–अब आत्मामें मिथ्या आरोपरूप अज्ञानके फल और तत्त्वज्ञानके फलको दिखातेहैं कि जैसे अंधकारसे युक्त देशमें मनुष्य रज्जुकोही सर्प समझता है इसी प्रकार आत्माको जीव जान-कर भयको प्राप्त होता है–अर्थात् जैसे रज्जुसर्पके ज्ञानसे भय–कम्प होते हैं इसी प्रकार विकाररहित आत्माको जीव माननेसे आत्मामें अनेक प्रकार के–संसारके दुःखरूप भय प्रतीत होते हैं अर्थात् आत्माका अज्ञानी जन्म–मरणरूप भयको प्राप्त होता है और वह भय जीव और आत्माके द्वैतज्ञानसे होता है–क्योंकि–इस श्रुतिमें लिखा है कि, दूसरेसे भय होता है–और जो किंचि-त्भी भेद करता है उसको भय होता है–यदि आत्माको न जाने तो बडीही नष्टता होती है–

१ द्वितीयाद्वै भयम्भवति–उदरमन्तरं कुरुतेऽथ तस्य भयं भवति–न चेदिहावेदीन्महती विनष्टिः ।

और इस स्मृतिमेंभी कहाहै कि, किंचित्भी भेद करै तो रौरव नरकमें जाता है-और जब मैं जीव नहीं किन्तु परात्माहूं-ऐसा जानता है-अर्थात् तत्त्वमसि आदि महावाक्योंके विचारसे जीवको सच्चिदानन्द परब्रह्म स्वरूप समझता है तब मनुष्य निर्भय होता है-सोई इस श्रुतिमें लिखा है कि, जो ब्रह्मको जानता है वह ब्रह्मही होता है ॥ २६ ॥

आत्मावभासयत्येको बुद्ध्यादीनींद्रियाणि च ॥ दीपो घटादिवत्स्वात्मा जडैस्तैर्नावभास्यते ॥२७॥

भा०-कदाचित् कहो कि, यदि आत्मा बुद्धि आदिके निकट है तो बुद्धि आदि उसे क्यों नहीं जानते-सो ठीक नहीं-क्योंकि जडरूप बुद्धि

१ ईषदप्यन्तरं कृत्वा रौरवं नरकं व्रजेत् ।

२ ब्रह्मविद् ब्रह्मैव भवति ।

आदिको असंग आत्माका ज्ञान नहीं होसक्ता इस बातको दृष्टान्तसे कहते हैं-कि एकभी आत्मा मन-बुद्धि-चित्त-अहंकार और इन्द्रिय आदिका इस प्रकार प्रकाश करता है जैसे घट आदि पदार्थोंका दीपक प्रकाश करता है और अपने आत्मा स्वरूप-वह परमात्मा बुद्धि आदि जड पदार्थोंसे इस प्रकार प्रकाशित नहीं होता जैसे घट आदिसे दीपकका प्रकाश नहीं होता ॥ २७ ॥

स्वबोधे नान्यबोधेच्छा बोधरू-
पतयात्मनः ॥ न दीपस्यान्यदी-
पेच्छा यथा स्वात्मा प्रकाशते ॥२८॥

भा०-कदाचित् कहो कि, यदि बुद्धि आदिसे आत्मा प्रकाशित नहीं होता तो उसका प्रकाश किससे होता है-इस शंकाके उत्तरमें बोधरूप आत्माका स्वयंही ज्ञान होता है-इस बातको दृष्टान्तसे दृढ करते हैं कि आत्मा स्वयं बोध-

रूप है इससे बोधरूप आत्माके बोधमें अन्य बोधकी इसप्रकार अपेक्षा नहीं, जैसे—एक दीपकको अपने प्रकाशके लिये अन्य दीपककी अपेक्षा नहीं--इससे स्वात्मा स्वयंप्रकाशित होताहै॥२८॥

निषिध्य निखिलोपाधीन्नेति नेती-
ति वाक्यतः॥ विद्यादैक्यं महावा-
क्यैर्जीवात्मपरमात्मनोः॥ २९॥

भा०—कदाचित् कहो कि, यदि आत्माका स्वतःही साक्षात्कार (प्रत्यक्ष) है तो यत्नके विनाही सब मुक्त होजायँगे तो श्रवण—मनन—आदि जो मुक्तिके उपाय हैं वे सब व्यर्थ हो जायँगे सो ठीक नहीं. क्योंकि अपरोक्ष रूपसे जो आत्माके चैतन्यका ज्ञान है—वह सामान्य ज्ञान होनेसे मुक्तिका साधन नहीं है किंतु महावाक्योंसे उत्पन्न जो जीव और ब्रह्मकी एकताका ज्ञान वही मुक्तिका कारणहै—इसकाही

वर्णन करते हैं कि, नेतिनेति इस वाक्यसे सम्पूर्ण उपाधियोंका निषेध करके तत्त्वमसि आदि महा-वाक्योंसे जीव और परमात्माकी एकताको जाने अर्थात् इस व्याससूत्रके अनुसारही वह यह उपदेश है कि, नेति २ यह आत्मा नहीं २ इत्यादि श्रुतियोंके वचनोंसे अतत् (आत्मासे भिन्न) का निरसन (त्याग) करै अर्थात् आत्मासे भिन्नको जड और अनित्य समझे इस प्रकार स्थूल सूक्ष्म और कार्य कारणरूप नामरूपात्मक जगत्को अनित्य जाननेके अनंतर इन महा वाक्योंसे जीव और परमात्माकी एकताको जानै उस एकताको ज्ञानकोही मुक्तिका हेतु कहते हैं कि वह ब्रह्म तूहै—यह जीवात्मा ब्रह्महै—प्रज्ञान ब्रह्महै—मैं ब्रह्महूं और महावाक्योंसे एक-

१ सएष आदेशो नेतिनेतीत्यतन्निरसनम् ।

२ तत्त्वमसि—अयमात्मा ब्रह्म—प्रज्ञानं ब्रह्म—अहं ब्रह्मास्मि ।

ताके ज्ञानका प्रकार वह है कि, दोनोंपद एक अर्थमें जहां वाच्य वाचक भाव संबंधसे वर्तें (कहैं) उसे सामानाधिकरण्य कहते हैं और वाच्य उसको कहते हैं जिसका शब्दके उच्चारण करतेही ज्ञानहो जैसे घटके उच्चारणसे घडेका--और वाचक उसको कहते हैं--जिसके उच्चारणसे पदार्थ जानाजाय जैसे पूर्वोक्त उदाहरणमें घट शब्द--अर्थात् घट शब्द और घडेका वाच्य वाचक भाव आदि संबं. धहै वह संबंध तीन प्रकारकाहै १ सामानाधिकरण्य--२ विशेषण विशेष्यभाव--३--लक्ष्य लक्षण भाव--उनमें सामानाधिकरण्य, मुख्यसामानाधिकरण्य और बाधसामानाधिकरण्य भेदसे दो-प्रकारकाहै--जिस वस्तुका जिस वस्तुके संग सदैव अभेदहो वह मुख्यसामानाधिकरण्य, जैसे डेलेके सुवर्ण और भूषणके सुवर्णका--और जहां किसी अंशको बाधकर अभेदहो वह बाधसामानाधि-

करण्य--जैसे भूषणके नामरूपको बाधकर दोनों पूर्वोक्त सुवर्णोंका अभेद होताहै--अथवा जहाँ दो पदोंका परस्पर भेदहो और अर्थ एकहो वहाँ बाधसामानाधिकरण्य होताहै । जैसे--घट और कुंभ शब्दमें वहां शब्द भेद होनेपरभी मृत्तिका-रूप लक्ष्य एकहै--वा जैसे सोयं देवदत्तः (वह यह देवदत्त है जो काशीमें देखाथा) इस वाक्यमें सः अयं देवदत्तः ये तीन पदहैं उनमें सः पद तिस परोक्षकालमें दृष्टका बोधकहै और अयं यह पद वर्तमान कालवृत्तिका बोधकहै ऐसे दोनों पदोंका भिन्न २ अर्थ है परन्तु दोनों पदोंका तात्पर्य एक देवदत्तमें है इससे देशकालरूप विशेषणके परित्यागसे देवदत्तरूप पिंड मात्रकर बोध होताहै--इसीप्रकार तत्त्वमसि आदि महा-वाक्योंमें परोक्ष आदि विशेषण विशिष्ट चेतन तत्पदका वाच्य अर्थ है और अपरोक्ष आदि विशे-

षण विशिष्ट चेतन त्वंपदका वाच्य अर्थ है इन दोनों पदोंका अर्थ भिन्न २ है और तात्पर्य शुद्ध चेतनके विषैहै इससे परोक्ष अपरोक्ष आदि विशेषणोंके त्यागसे चेतनरूप अर्थमें दोनोंका सामानाधिकरण्य है यह सामानाधिकरण्य प्रथम है और दूसरा विशेषणविशेष्यभाव संबंध यह है कि, जैसे सोयं देवदत्तः-यहां सः अयं ये दो पद, देवदत्त पदके विशेषण हैं और देवदत्त विशेष्य है और ये दोनों अपने २ देश कालरूप अर्थको छोडकर देवदत्तके स्वरूपको बोधन करते हैं इसी प्रकार तत्त्वमसि आदि महावाक्योंमें भी तत्पदका अर्थ परोक्ष आदि विशेषणसहित है--और त्वंपदका अर्थ अपरोक्ष आदि विशेषण सहित चेतन है विशेषणोंको त्यागकर दोनोंका असि (है) इस पदमें सामानाधिकरण्य है—तीसरा संबंध लक्ष्यलक्षण भावहै कि, जैसे सोयं देवदत्तः यहां

सः अयं इन दो पदोंसे देशकाल आदि विशेषणोंको छोडकर देवदत्तमात्र लिखा जाताहै इसीप्रकार तत्त्वमसि आदि महावाक्योंमें भी तत्पदका अर्थ—अद्वितीय—परोक्ष व्यापकचेतन है और त्वंपदका अर्थ—सद्वितीय—अपरोक्ष परिच्छिन्न चेतन है इन विरुद्ध धर्मोंको त्यागकर एक चेतन जो विरुद्ध धर्मरहित, लक्ष्य अर्थहै वह लिखा जाताहै—इस प्रकार पूर्वोक्त तीनों संबंधोंसे लक्षणाके द्वारा जीव और ब्रह्मकी एकता सिद्ध होती है—और वह लक्षणा जहत्, अजहत्, जहदजहत्, भेदसे तीन प्रकारकी है—जैसे गंगामें घोसियोंका ग्राम है यहां गंगाके प्रवाहरूप वाच्य अर्थमें ग्रामका असंभव है इसलिये गंगापदकी अपने प्रवाहरूप वाच्य अर्थको छोडकर तीरमें लक्षणाहै—क्योंकि जहां पद अपने संपूर्ण अर्थको छोडदे वह जहत् लक्षणा कहाती है—और महावाक्योंमें चेतनरूप अर्थ दोनोंका

एक है इससे अर्थका त्याग न होनेसे जहत् लक्षणा नहीं होसकती—और अरुण (लाल) दौडताहै यहां लाल रंगमें दौडना असंभव है इससे अरुणपदकी लालघोडेमें लक्षणा है यहां अरुणपदकी अपने लालरूप अर्थको न छोडकर लालघोडेमें अजहत् लक्षणा होती है। क्योंकि जहां अपने अर्थको न छोडकर पद दूसरे अर्थको कहे वहां अजहत् लक्षणा होती है—यह लक्षणाभी महावाक्योंमें नहीं हो सकती। क्योंकि उनमें संपूर्ण वाच्य अर्थका ग्रहण नहीं है—और जहां किंचित् अर्थका त्याग और किंचित्का ग्रहण हो वह जहदजहत् लक्षणा होती है वह लक्षणाही महावाक्योंमें इसप्रकार घटती है। जैसे—सोयं देवदत्तः इस वाक्यमें देशकाल और पुष्ट कृश आदि विशेषणोंका त्याग है और पिंडमात्र देवदत्तका ग्रहण है ऐसेही तत्त्वमसि

आदि महावाक्योंमें समष्टि, व्यष्टि,स्थूल, सूक्ष्म, आदि विरुद्ध अंशको त्यागकर व्यापक अखंड चैतन्यमात्रका जहदजहत् लक्षणासे बोध होता है इसकोही भागत्यागलक्षणा कहते हैं ॥ २९ ॥

आविद्यकं शरीरादि दृश्यं बुद्बुद्वत्क्षरम् ॥ एतद्विलक्षणं विद्यादहं ब्रह्मेति निर्मलम् ॥ ३० ॥

भा०–कदाचित् कहो कि, चेतन असंग है इससे स्थूल आदि उपाधियोंके न त्याग करनेमें क्या हानि है सो ठीक नहीं क्योंकि उपाधियोंके त्याग विना अखंड सत् चित् आनंदका ज्ञान इस प्रकार नहीं हो सकता जैसे अज्ञानसे आरोपित सर्पके निषेध विना रज्जुका ज्ञान नहीं होता है इस बातका वर्णन करते हैं कि, अज्ञानसे कल्पित जो शरीर आदि दृश्य (देखने योग्य) जड पदार्थ हैं उनको बुद्बुद (बुलबुला) के समान नाशवान् स-

मझे और इनसे विलक्षण अर्थात् नित्य निर्मल अपने जीवात्माको मैं ब्रह्म हूं ऐसे समझे अर्थात् उपाधिरूप मलोंसे रहित ब्रह्मरूप मैं हूं यह जानै ॥३०॥

देहान्यत्वान्न मे जन्मजराकार्श्यलयादयः ॥ शब्दादिविषयः संगो निरिंद्रियतया न च ॥ ३१ ॥

भा०—अब महावाक्योंसे उत्पन्न हुई जो जीव और ब्रह्मकी एकता उसके मननका प्रकार कहते हैं कि, स्थूल और सूक्ष्म शरीरसे मैं भिन्न हूं इससे मेरेमें जन्म जरा कृशता मरण आदि नहीं हैं और आदि पदके देनेसे क्षुधा, तृषा आदि जो देहके धर्म हैं वेभी आनंदरूप, असंग मेरेमें नहीं हैं और मैं इंद्रियोंसे रहित हूं इससे शब्द स्पर्श रूप रस गंध आदि विषयोंके संगभी मेरा संबंध नहीं है निदान मैं असंग निर्मल स्वभावरूप ब्रह्म हूं ऐसे मनन करै ॥ ३१ ॥

अमनस्त्वान्न मे दुःखरागद्वेषभ-
यादयः ॥ अप्राणो ह्यमनाः शुभ्र
इत्यादिश्रुतिशासनात् ॥ ३२ ॥

भा०—अब आत्मामें मनके धर्मोंका निषेध कहते हैं कि, मैं मनसे भिन्न हूं इससे मेरे-में दुःख-विषयोंमें प्रीतिरूप राग द्वेष (वैर) संकल्प, विकल्प, मोह, शोक, भय आदि जो मनके धर्म हैं वे मेरेमें नहीं हैं—और क्षुधा तृषा आदि जो प्राणोंके धर्म वेभी मेरेमें नहीं हैं क्योंकि, मैं मन प्राणोंसे भिन्न हूं—इससे श्रुतिने भी आज्ञाकी है कि, परमात्मा प्राणसे भिन्न है और मनसे भिन्न है और शुभ्र अर्थात् अविद्याके मलोंसे रहित है और अखण्ड सच्चिदानंदरूप निर्विकार शुद्ध चेतनरूप है ॥ ३२ ॥

एतस्माज्जायते प्राणो मनः सर्वेन्द्रि-

याणि च ॥ खं वायुर्ज्योतिरापश्च पृथ्वी विश्वस्य धारिणी ॥ ३३ ॥

भा०—अब प्राण आदि परमात्मासे उत्पन्न होनेसे अनित्य हैं । इस बातका वर्णन करते हैं कि, इस प्रत्यक्‌ भिन्न अर्थात् अन्तःकरणके साक्षी वा प्रेरक--वा असत् जड दुःखरूप संसारसे विपरीत सत् चित् आनंदरूप ब्रह्मसे क्रिया शक्तिरूप प्राण और ज्ञानशक्तिरूप मन (अंतःकरण) और संपूर्ण इंद्रिय और आकाश वायु अग्नि जल और स्थावर जंगमरूप विश्वके धारण करनेवाली पृथिवी यह संपूर्ण प्रपंच—अनादि अविद्याके द्वारा-पूर्वोक्त ब्रह्मसेही उत्पन्न होताहै ॥ ३३ ॥

निर्गुणो निष्क्रियो नित्यो निर्विकल्पो निरंजनः॥ निर्विकारोनिराकारो नित्यमुक्तोऽस्मि निर्मलः॥३४॥

भा०—प्रकृतिरूप माया और मायाके कार्य बुद्धि, और सत्त्वगुण, राग, इच्छा, आदिसे रहित रूप, निर्गुण—और देह आदिकी क्रियासे रहितरूप निष्क्रिय—और देह आदिसे भिन्नरूप नित्य चेतनरूप--और विकल्पसे रहित अर्थात् मनसे भिन्न निरंजन अर्थात् मायाके मलसे रहित—और विकारसे रहित--और निराकार अर्थात् आकाशके समान निरवयव—नित्यमुक्त अर्थात् मोह आदि जो अज्ञानसे कल्पित बंधनहैं उनसे रहित और निर्मल अज्ञानसे कल्पित अविद्यारूप मायाके बंधनसे रहित -मैं हूं इसप्रकार अपने आत्मरूपको जानै॥३४॥

अहमाकाशवत्सर्वबहिरंतर्गतोऽ-
च्युतः ॥ सदा सर्वसमः शुद्धो
निःसंगो निर्मलोऽचलः ॥ ३५ ॥

भा०--कदाचित् कहो कि, जीवात्मा निर्गुण

आदिरूपहो परंतु देहवान् प्रतीत होता है इससे परिच्छिन्न हो जायगा सो ठीक नहीं इस शंकाका उत्तर आत्माको असंग दिखाकर देतेहैं कि, जगत्के संपूर्ण जो जड दृश्य पदार्थ हैं उनके भीतर मैं आकाशके समान गत (व्यापक) हूं–और सबसे भिन्न एकरस चेतन रूपहूं–कदाचित् कहो कि, सबके नाशसे आत्माकाभी नाश हो जायगा सो भी ठीक नहीं क्योंकि मैं अच्युत हूं अर्थात् संपूर्ण कल्पित जगत्के नाश होनेपर मेरा नाश नहीं है । क्योंकि मैं अधिष्ठानरूप हूं–कदाचित् कहो कि, अधिष्ठानरूपसे तू सत्य अविनाशी है परंतु अंतःकरणमें तो आपकी सत्ता और चेतनता दोनों प्रतीत होती हैं और घट आदिमें केवल सत्ताही प्रतीत होती है यह विषमता आपमें है सो ठीक नहीं क्योंकि मैं सदैव (सब काल) में संपूर्ण पदार्थोंके विषे सम (तुल्य) हूं और सत्त्वगुणके कार्य

होनेसे स्वच्छ अंतःकरण आदिमें सत्ता और चेतनता दोनों प्रतीत होती हैं और तमोगुणके कार्य मलिन घट आदिमें सत्ताही प्रतीत होती है इसमें मुझ आत्माका कौन अपराध है—और मैं शुद्ध अर्थात् पुण्य पापसे रहित हूं और असंग अर्थात् वस्तुतः सबके संबंधसे रहित हूं—और निर्मल हूं अर्थात् संशय आदि मलोंसे रहित हूं—और अचल हूं अर्थात् सच्चिदानन्दरूप आदि अपने धर्मोंसे चलायमान नहीं होता ॥ ३५ ॥

नित्यशुद्धविमुक्तैकमखंडानंदम-
द्वयम् ॥ सत्यं ज्ञानमनंतं यत्परं
ब्रह्माहमेव तत् ॥ ३६ ॥

भा०—अब त्वंपदार्थ जीव, और तत् पदार्थ ब्रह्मका जो लक्ष्यपूर्वक वर्णन किया है उन दोनोंके अभेदका चिंतन (विचार) करते हैं कि

नित्य अर्थात् भूत भविष्यत् वर्तमान कालमें बाधरहित-शुद्ध अर्थात् अविद्या आदि मलसे रहित-विमुक्त अर्थात् संसाररहित-एक अर्थात् सजातीय भेदसे शून्य-अखंड अर्थात् देशकाल वस्तुके परिच्छेदसे शून्य-आनंद (सुखरूप) अद्वय अर्थात् विजातीय और स्वगत भेदसे रहित-इस प्रकारका जो सत्य, ज्ञान, अनंतरूप परब्रह्मका स्वरूप है वह इस श्रुतिमें भी कहा है वही सच्चिदानंदरूप मैं हूं इस प्रकार जीवात्मा और परमात्माकी एकताकी चिंता करै ॥ ३६ ॥

एवं निरंतराभ्यस्ता ब्रह्मैवास्मेति वासना ॥ हरत्यविद्याविक्षेपान्रोगानिव रसायनम् ॥ ३७ ॥

भा०-इस प्रकार चिरकालपर्यंत किये अभ्या-

---

१ सत्यं ज्ञानमनंतं ब्रह्म।

ससे दृढ हुये जीव ब्रह्मकी एकताके ज्ञानसे उत्पन्न हुई विद्या—उसीसमय अविद्या और अविद्यासे उत्पन्न जन्ममरण आदिरूप संसारको नष्ट कर देती है इसका वर्णन करते हैं कि इस पूर्वोक्त रीतिसे बहुत कालतक निरंतर अभ्यास (मनन) का ब्रह्मही मैं हूं यह वासना अर्थात् देह और आत्माकी एकताके ज्ञानकी तुल्य जो ब्रह्म और आत्माकी एकताका दृढ ज्ञान वह अविद्याके किये चित्तके विक्षेप अर्थात् आत्मा और ब्रह्मका भेद ज्ञान आदि उनको इसप्रकार नष्ट करती है जैसे रोगोंको रसायन (औषध) सेवनसे नष्ट करती है ॥ ३७ ॥

विविक्तदेश आसीनो विरागो
विजितेंद्रियः ॥ भावयेदेकमा-
त्मानं तमनंतमनन्यधीः ॥ ३८ ॥

भा०—अब ब्रह्म और आत्माकी एकताके विचारका साधन कहते हैं कि, एकांत स्थानमें स्थित और विराग अर्थात् शब्द स्पर्श आदि विषयोंकी इच्छासे रहित—और विशेषकर जीती हैं इंद्रिय जिसने वह पुरुष अनन्यबुद्धि होकर अर्थात् अपने एक आत्मामेंही बुद्धिको लगाकर उस एक अनंत अर्थात् देशकाल वस्तुके परिच्छेदसे शून्य वा नाश रहित आत्माकी भावना (विचार)करै कि, जो सब भूतोंमें स्थित चेतनरूप ब्रह्म है वही मैं हूं अन्य नहीं यह निश्चय करै—इस प्रकार चिंतन करनेसे ब्रह्म और आत्माकी एकताका दृढ निश्चय हो जाताहै ॥ ३८ ॥

आत्मन्येवाखिलं दृश्यं प्रविलाप्य
धिया सुधीः ॥ भावयेदेकमात्मा-
नं निर्मलाकाशवत्सदा ॥ ३९ ॥

भा०—कदाचित् कहो कि, यदि दृश्य (देखने योग्य) प्रपंच व्यवहार दशामें प्रत्यक्ष वर्तमान है तो एकताकी भावना कैसे होसकती है—इस शंकाके उत्तरमें कहते हैं कि, शुद्ध है अंतःकरण वा बुद्धि जिसकी ऐसा मुमुक्षु आत्माके विषे अर्थात् कारण-रूप विवेकवाली बुद्धिमें संपूर्ण दृश्य (दीखते) जगत्को लय करके एक आत्माकी निर्मल आकाशके समान भावना (विचार) करै अर्थात् शरत्कालके मेघ रहित आकाशके समान आत्माको भी स्वच्छ और एक रस समझे—और लयका प्रकार यह है कि पृथ्वीको जलमें जलको अग्निमें—अग्निको वायुमें—वायुको आकाशमें—आकाशको अव्याकृत (मूल प्रकृति वा माया) में और अव्याकृतको ब्रह्ममें लयकरै—फिर शुद्ध ब्रह्म व्यापकरूप मैं हूं ऐसा चिंतन करै ॥ ३९ ॥

नामवर्णादिकं सर्वं विहाय पर-
मार्थवित् ॥ परिपूर्णचिदानन्द-
स्वरूपेणावतिष्ठते ॥ ४० ॥

भा०—अब संपूर्ण दृश्य प्रपंचके त्यागसे समाधिके विषे जो विवेकीकी स्थिति उसका वर्णन करते हैं कि, परमार्थ (मोक्ष वा ब्रह्म) का ज्ञाता विवेकी पुरुष—नामरूप आदि संपूर्ण दृश्य—जाति मूर्ति आदि प्रपंचको त्यागकर—परिपूर्ण (व्यापक अधिष्ठान—अंतर्यामी—सत् चित् आनंद स्वरूप साक्षी शुद्ध—चेतनरूपसे टिकताहै अर्थात् परिपूर्ण आदि स्वरूपही अपने जीवात्माको मानताहै—और आत्माका जो ज्ञानी है उसकी स्थिति इस वचनमेंभी भगवान्ने वर्णनकी है कि, जैसे पवन रहित देशमें दीपक निश्चल रहता है वही

१ यथा दीपो निवातस्थो नेंगते सोपमा स्मृता । योगिनो यत-चित्तस्य युंजतो योगमात्मनः ॥

उपमा उस योगीकी है जिसका चित्त वशमें है और जो अपने योगमार्ग (चित्तकी वृत्तिको रोकना) में लगरहाहै ॥ ४० ॥

ज्ञातृज्ञानज्ञेयभेदः परात्मनि न विद्यते ॥ चिदानंदैकरूपत्वाद्दी-प्यते स्वयमेव हि ॥ ४१ ॥

भा०—कदाचित् कहो कि, समाधिमें पृथिवी आदि दृश्य प्रपंचके लय होनेपर भी ज्ञाता—ज्ञान ज्ञेयका भेद त्रिपुटीरूप प्रपंचके विद्यमान रहते पूर्वोक्त दीपककी उपमा योगीमें कैसे घटसकतीहै— इस शंकाके उत्तरमें कहते हैं कि, सविकल्पक समाधिमें यद्यपि ज्ञाता, ज्ञान, ज्ञेयका भेद प्रतीत होताहै परंतु निर्विकल्पक समाधिमें प्रतीत हुआ जो परब्रह्मरूप परमात्माहै उसमें ज्ञाता, ज्ञान, ज्ञेय-का भेद प्रतीत नहीं होताहै क्योंकि, वह परमात्मा चिदानंदरूप होनेसे स्वयं एव (आपोआप)

प्रकाशित होताहै अर्थात् उसके ज्ञानके लिये किसीभी ज्ञान आदिकी अपेक्षा नहीं है ॥ ४१ ॥

एवमात्मारणौ ध्यानमथने सततं कृते ॥ उदितावगतिर्ज्वाला सर्वाज्ञानेंधनं दहेत् ॥ ४२ ॥

भा०—इसप्रकार ब्रह्म और आत्माकी एकताके ज्ञानार्थ जो प्रयत्न उसके फलका वर्णन करते हैं कि, इसप्रकार आत्मा (मन) को नीचेकी अरणि और ओंकारको ऊपरकी अराणि (मथनेकी लकडी) करके निरंतर ध्यानरूप मथन करनेपर उदित (उत्पन्न) हुई जो अखंड ब्रह्माकार वृत्ति रूप ज्वाला वह संपूर्ण अज्ञान और अज्ञानकार्य जन्ममरण आदि संसाररूप ईंधनको दग्ध (भस्म) करदेती है सोई इस श्रुतिमें लिखाहै कि

---

१ आत्मानमराणिं कृत्वा प्रणवं चोत्तराराणिम् । ज्ञाननिर्मथनाभ्यासाद्दहेत्कर्म स पंडितः ।

मनको नीचेकी और ओंकारको ऊपरकी अरणि बनाकर ज्ञानके मथनेसे जो कर्मोंको दग्ध करताहै वही पंडित है ॥ ४२ ॥

अरुणेनेव बोधेन पूर्वसंतमसे हते । तत आविर्भवेदात्मा स्वयमेवांशुमानिव ॥ ४३ ॥

भा०—उत्पन्न हुई पूर्वोक्त ज्वाला अज्ञानरूप ईंधनको दग्ध करतीहै और तभी आवरण रहित आत्माका प्रकाश होताहै इन दोनों बातोंको दृष्टांतसे स्पष्ट करतेहैं कि जैसे अरुण (सूर्यका सारथि) के उदय होनेसे प्रथम जो गाढ अंधकार उसका नाश होनेसे सूर्यका अखंड प्रकाश होताहै इसी प्रकार बोध (एकताका ज्ञान) से अज्ञानरूप अंधकारकी निवृत्ति होनेपर आत्माकाभी सूर्यके समान प्रकाश होताहै अर्थात् साक्षात् ब्रह्मज्ञान होजाताहै

सोई गीतामें लिखाहै कि, जिनका वह अज्ञान, ज्ञानसे नष्ट होगयाहै उनको ब्रह्मका ज्ञान इसप्रकार प्रकाशित होताहै जैसे सूर्यका प्रकाश होता है ॥ ४३ ॥

आत्मा तु सततं प्राप्तोऽप्यप्राप्यवदविद्यया ॥ तन्नाशेऽप्राप्तवद्भाति स्वकंठाभरणं यथा ॥ ४४ ॥

भा०–यदिश्रुतिआदि प्रमाणों से आत्मा साक्षात् अपरोक्ष है तो नित्य प्राप्त है क्योंकि अप्राप्त और परोक्ष नहीं होता है तो ऐसे ब्रह्मकी अज्ञानके नाशसे प्राप्ति कैसे कहते हो सो ठीक नहीं क्योंकि नित्य प्राप्त भी आत्मा अविद्यासे अप्राप्तके समान और अविद्याके नाशसे प्राप्तके समान प्रतीत होता है इस बातको दृष्टान्तसे वर्णन करते हैं कि, यद्यपि

१ ज्ञानेन तु तदज्ञानं येषां नाशितमात्मनः । तेषामादित्यवज्ज्ञानं प्रकाशयति तत्परम् ।

ज्ञानदृष्टिसे आत्मा निरंतर प्राप्त है तथापि अवि-द्यासे अज्ञानियोंको अप्राप्तके समान—और अवि-द्याके नाश होनेपर प्राप्तके समान—इस प्रकार प्रतीत होता है जैसे अपने कंठका भूषण अज्ञान से अप्राप्त और ज्ञानसे प्राप्त होजाता है ॥ ४४ ॥

स्थाणौ पुरुषवद् भ्रांत्या कृता ब्रह्म-
णि जीवता ॥ जीवस्य तात्त्वि-
के रूपे तस्मिन्दृष्टे निवर्तते ॥ ४५ ॥

भा०—कदाचित् कहो कि, जिसका अपरोक्ष साक्षत्कार है वह ब्रह्मही नित्य प्राप्त है जीवात्मा नित्य प्राप्त नहीं हो सक्ता सो ठीक नहीं क्योंकि अज्ञानसे भ्रमकेद्वारा परमात्माही जीव भाव-को प्राप्त हो जाता है वस्तुतः कोई जीव नहीं है इस बातको दृष्टांतसे वर्णन करते हैं कि जैसे स्था-णुमें अंधकारके विषे भ्रांतिसे पुरुषको तुल्यता प्रतीत होती है इसी प्रकार ब्रह्ममें भ्रमसे जीवभाव

प्रतीत होता है अर्थात् अनादि अज्ञानसे ब्रह्मही जीव प्रतीत होने लगता है और महावाक्योंके द्वारा जीवका जो वह तात्त्विक (सच्चा) रूप है उसके साक्षात्कार करनेसे (जाननेसे) वह जीवभाव इस प्रकार निवृत्त हो जाता है जैसे स्थाणुके ज्ञान-से पुरुष भ्रमकी निवृत्ति हो जाती है ॥ ४५ ॥

तत्त्वस्वरूपानुभवादुत्पन्नं ज्ञान-
मंजसा ॥ अहं ममेति चाज्ञानं
बाधते दिग्भ्रमादिवत् ॥ ४६ ॥

भा०–कदाचित् कहो कि, विवेकियोंको भी अहं-मम-(मैं मेरी) इत्यादि व्यवहारकी प्रतीतसे संसारकी निवृत्ति कैसे होगी सो ठीक नहीं--क्यों-कि, अज्ञानसे उत्पन्न-वा पूर्वोक्त व्यवहार तत्त्वज्ञान-से नष्ट हो जाता है इस बातका दृष्टान्तपूर्वक वर्णन करते हैं कि,–वास्तविक सच्चिदानन्दरूप

जीवका जो यथार्थ स्वरूप उसके अनुभव (ज्ञान) से उत्पन्न हुआ जो तत्त्वमसि आदि महावाक्यों-के द्वारा जीव और ब्रह्मकी एकताका दृढज्ञान उससे सुखपूर्वक ही अहं-मम-इस-अज्ञानका इस प्रकर बोध होता है जैसे-दिशाओंका भ्रम पूर्व-में सूर्योदयके ज्ञानसे नष्ट हो जाता है ॥ ४६॥

सम्यग्विज्ञानवान्योगी स्वात्म-
न्येवाखिलं स्थितम् ॥ एकं च सर्व-
मात्मानमीक्षते ज्ञानचक्षुषा ॥ ४७ ॥

भाषा०-अब निवृत्त हुआ है अज्ञान जिनका ऐसे विवेकियोंकी दृष्टिका वर्णन करते हैं-कि-संशय और विपरीत ज्ञानसे-रहित जो ब्रह्मके साक्षात् ज्ञाता योगी हैं--उनको--ज्ञान-रूप-कूटस्थ-साक्षी-- स्वरूप--अपने-आत्माके विषेही-संपूर्ण दृश्य प्रपंच-स्थित-(कल्पित) दीखता है--और--संपूर्ण जगत्को ज्ञान-

दृष्टिसे—एक—आत्मस्वरूप--ही देखते हैं-- अर्थात आत्मासे भिन्न जगत्को--शशशृंग--और आकाश-पुष्पके समान कल्पित समझकर--आत्माके--स्वरूपको ज्ञानदृष्टिसे देखते हैं ॥ ४७ ॥

आत्मैवेदं जगत्सर्वमात्मनोऽन्य-
न्न विद्यते ॥ मृदो यद्वद्घटादीनि
स्वात्मानं सर्वमीक्षते ॥ ४८ ॥

भा०--कदाचित् कहो कि, प्रत्यक्षसे प्रतीत इस जगत्को आत्मासे भिन्न कैसे कहते हो सो ठीक नहीं क्योंकि, यद्यपि उपादेय (कार्य) उपादान (कारण) से--भिन्नभी प्रतीत होताहै तथापि--पूर्वोक्त बाधसा-मानाधिकरण्यसे—अभेद—प्रतीत होताहै—इस बात-को दृष्टांतपूर्वक वर्णन—करते हैं—कि, यह संपूर्ण ज-गत्—आत्मा ही है—क्योंकि,आत्मासे उत्पन्न होनेसे आत्मासे अन्य इस प्रकार नहीं है--जैसे उपादान-

रूप मृत्तिकासे उत्पन्न हुए घट आदि—मृत्तिकासे भिन्न नहीं हैं—इस प्रकार संपूर्ण जगत्‌को आत्मस्वरूप ही देखता है—अपनेसे भिन्न नहीं देखता॥४८॥

जीवन्मुक्तिस्तु तद्विद्वान्पूर्वोपा-
धिगुणांस्त्यजेत् ॥ सच्चिदानंदरू-
पत्वाद्भवेद् भ्रमरकीटवत् ॥ ४९ ॥

भा०—अब ज्ञानीकी वास्तव दृष्टिको—कहकर—जीवन्मुक्ति—अवस्थाका वर्णन करते हैं कि, जीवन्मुक्त—पुरुष तो—पूर्वोक्त जीव और ब्रह्मकी एकताको जानकर तत्त्वज्ञानसे पूर्व जो उपाधियोंके गुण थे—उनको—श्रवण—आदिद्वारा मायाके धर्म जानकर—विवेकसे त्यागता है—और—फिर—इस प्रकार सच्चिदानन्दरूप होजाता है जैसे भृंगीनामका कीट—भ्रमर—कीटके भयसे—भ्रमरकीटरूप ही हो जाता है ॥ ४९ ॥

तीर्त्वा मोहार्णवं हत्वा रागद्वेषा-
दिराक्षसान् ॥ योगी शांतिसमा-
युक्तो ह्यात्मारामो विराजते ॥ ५० ॥

भा०--अब जीवन्मुक्तकी स्थितिका वर्णन करते हैं कि, आत्माके विषे है आराम (स्थिति) जिसको—ऐसा योगी—मोहरूपी अज्ञानके समुद्रको तरकर और राग द्वेष आदि राक्षसोंको हतकर—शान्तिसे—युक्त हुआ—विराजमान् होता है—इस श्लोकका—श्लेषसे दूसराभी अर्थ—होसकता है कि, जैसे-श्रीरामचंद्रजीने—समुद्रको तरकर और रावण आदि राक्षसोंको हतकर और सीतासे संयुक्तहोकर राजसिंहासनपर—स्थिति की थी इसप्रकार ब्रह्म-ज्ञानका साधक योगी तत्वज्ञानके द्वारा—मोहरूपी समुद्रको तर--और उन राग—द्वेष आदि—राक्षसोंको हतकर जिन्होंने शांतिरूप सीताको चुराया था,

फिर-शान्तिसे-युक्तहुआ श्रीरामचंद्रके समान विराजमान होता है-अर्थात्-निवृत्तिरूप सिंहासनपर बैठता है ॥ ५० ॥

बाह्यानित्यसुखासक्तिं हित्वात्म-
सुखनिर्वृतः ॥ घटस्थदीपवत्स्व-
च्छः स्वांतरेव प्रकाशते ॥ ५१ ॥

भा०-अब लक्षणसे जीवन्मुक्तकी अवस्थाका दृष्टान्तसे-वर्णन करतेहैं कि, नेत्र आदि बाह्य इन्द्रियोंके संबन्धसे उत्पन्न हुआ जो विषयानन्दरूप अनित्य सुख उसके विषे आसक्ति (प्रीति) को त्यागकर-आत्मसुखसे निवृत्त (सुखी)हुआ स्वच्छरूपसे अपने अन्तःकरणमें-इसप्रकार-साक्षात् ब्रह्मरूप प्रकाशता है जैसे घटके विषे स्थित-दीपक-घटके भीतर ही प्रकाशता है-बाहर नहीं

सोई—गीतामें—लिखा है कि हे अर्जुन! जब मनकी सब कामनाओंको त्यागता है तब अपने आत्मामें ही—सन्तुष्ट हुआ—स्थितप्रज्ञ—(स्थिरबुद्धि) कहाता है ॥ ५१ ॥

उपाधिस्थोऽपि तद्धर्मैर्न लिप्तो व्योमवन्मुनिः ॥ सर्वविन्मूढवत्तिष्ठेदसक्तो वायुवच्चरेत् ॥ ५२ ॥

भा०—उपाधियोंमें—स्थित भी—उपाधियोंका साक्षीरूप मुनि अर्थात्—वेदान्तशास्त्रका मनन करनेवाला तत्त्वज्ञानी—उपाधियोंके सुख—दुःख आदि धर्मोंसे इसप्रकार लिप्त नहीं होता—जैसे आकाश धूलि आदिसे लिप्त नहीं होता—और सबका ज्ञाता भी वह मूढके समान—टिकता है—और—विषयोंमें आसक्त हुआ वह वायुके समान

---

१ प्रजहाति यदा कामान्सर्वान्पार्थ मनोगतान् । आत्मन्येवात्मनातुष्टः स्थितप्रज्ञस्तदोच्यते ॥

विचरता है अर्थात्–जैसे वायु सुगन्धित पदार्थोंमें प्रीतिसे रहित होकर गमन करता है इसीप्रकार ज्ञानी भी–विषयोंमें प्रीतिको त्यागकर अपने स्वरूपमें विचरता है ॥ ५२ ॥

उपाधिविलयाद्विष्णौ निर्विशेषं
विशेन्मुनिः ॥ जले जलं वियद्व्यो-
म्नि तेजस्तेजसि वा यथा ॥ ५३ ॥

भा०–अब ज्ञानीकी विधेय–कैवल्यमुक्तिका वर्णन करते हैं कि, देह आदि उपाधियोंके लय (नाश) होनेसे वेदान्तका मनन करनेवाला मुनि पृथिवी आदि विशेषोंसे रहित व्यापकरूप विष्णु (परब्रह्म) में इसप्रकार प्रविष्ट होता है–अर्थात् परब्रह्मरूप होजाता है जैसे नदीका जल समुद्रके जलमें दीपक आदिका तेज अग्निमें और घटका आकाश महान् आकाशमें प्रविष्ट होजाता है

अर्थात् जैसे जल आदिमें मिले जल आदि एकरूप होजाते हैं-इसीप्रकार परब्रह्ममें मिला जीवात्मा पर-ब्रह्मरूप ही होजाता है-भिन्नरूप नहीं होता ॥५३॥

यल्लाभान्नापरो लाभो यत्सुखान्ना-
परं सुखम् ॥ यज्ज्ञानान्नापरं ज्ञानं
तद्ब्रह्मेत्यवधारयेत् ॥ ५४ ॥

भा०-अब आठ श्लोकसे उस परब्रह्मका निरू-पण करते हैं-विदेह मुक्तिमें जिसकी प्राप्ति होतीहै कि, जिस परब्रह्मके-लाभ-अर्थात् प्राप्तिसे-दूसरा लाभ नहीं अर्थात् परमपुरुषार्थरूप उस लाभमें संपूर्ण जगत्के लाभ अन्तर्गत हैं-और जिसके सुखसे दूसरा सुख नहीं-क्योंकि, सर्वोत्तम उस सुखमें जगत्के तुच्छ सुख अन्तर्गत होजाते हैं-और जिसके ज्ञानसे उत्तम दूसरा ज्ञान नहीं अर्थात् मोक्षका हेतु होनेसे ब्रह्मज्ञा-

न ही—अत्यन्त श्रेष्ठ है—उसको ही ब्रह्मस्वरूप-निश्चय करै ॥ ५४ ॥

यद्दृष्ट्वा न परं दृश्यं यद्भूत्वा न पुनर्भवः ॥ यज्ज्ञात्वा न परं ज्ञानं तद्ब्रह्मेत्यवधारयेत् ॥ ५५ ॥

भा०—जिस ब्रह्मको देखकर—दूसरा पदार्थ देखने योग्य नहीं—क्योंकि,अधिष्ठानरूप ब्रह्मके साक्षात्कारसे ब्रह्ममें कल्पित संपूर्ण जगत्का साक्षात्कार हो जाता है—और जिस ब्रह्मरूप होनेसे—दूसरा-होना नहीं—अर्थात्—फिर संसारमें जन्म नहीं होता है—सोई गीतामें लिखा है कि, जिस ब्रह्ममें—जाकर—फिर निवृत्त नहीं होते वह मेरा—सर्वोत्तम धाम है—और जिसको जानकर दूसरा ज्ञान नहीं क्योंकि, कारणरूप ब्रह्मको जा-

१ यद्गत्वा न निवर्तन्ते तद्धाम परमं मम ॥

नकर—कारणसे भिन्न कार्यकी सत्ता—नहीं रहती अर्थात् कारणके ज्ञानसे समस्तकार्य जाना जाता है उसको—ब्रह्म—निश्चय करै अर्थात् जानै ॥ ५५ ॥

तिर्यगूर्ध्वमधः पूर्णं सच्चिदानंद-
मद्वयम् ॥ अनंतं नित्यमेकं य-
त्तद्ब्रह्मेत्यवधारयेत् ॥ ५६ ॥

भा०—कदाचित् कहो कि, विदेहमुक्तिकी अवस्थामें—जिस ब्रह्मको तत्त्ववेत्ता प्राप्त होता है—वह परिच्छिन्न है वा अपरिच्छिन्न अर्थात्—अव्यापक है वा व्यापक—यदि—परिच्छिन्न है तो नाशमान् होनेसे परमपुरुषार्थ—सिद्ध न होगा—और अपरिच्छिन्न है तो सर्वत्र विद्यमान् होनेसे उसकी प्राप्ति न बनैगी—इस शंकाके उत्तरमें--परिपूर्ण--नित्य-आन्दरूप ब्रह्म-का वर्णनकरतेहैं कि, जो सच्चिदानन्द ब्रह्म--तिर्यक्—अर्थात्—पूर्व—पश्चिम—उत्तर—दक्षिण—और— ऊपर नीचे—पूर्ण है—और देशकाल—वस्तुके—परिच्छेदसे

रहित है—और—नित्य (सत्य) और सजातीय—विजातीय—स्वगत—तीनों भेदोंसे रहित है—इस ब्रह्मका मुमुक्षु पुरुष—निश्चय करै ॥ ५६ ॥

अतद्व्यावृत्तिरूपेण वेदांते ल-
क्ष्यतेऽव्ययम् ॥ अखंडानंदमे-
कंयत्तद्ब्रह्मेत्यवधारयेत् ॥ ५७ ॥

भा०—आत्मासे भिन्नकी व्यावृत्ति (निषेध) रूपसे—जो ब्रह्म-अविनाशीरूपसे—तत्त्वमसि आदि महावाक्योंके द्वारा—लखाजाता है—और जो अखण्डआनंद—एक—सुखरूप है—उसको मुमुक्षु पुरुष ब्रह्म जानै ॥ ५७ ॥

अखंडानंदरूपस्य तस्यानंदल-
वाश्रिताः ॥ ब्रह्माद्यास्तारतम्येन
भवंत्यानंदिनोऽखिलाः ॥ ५८ ॥

भा०—कदाचित् कहो कि,ब्रह्मा इन्द्र आदि भी

देवता आनंदके–भोक्ता शास्त्रमें–कहे हैं–तो ब्रह्म-कोही सर्वोत्तम आनन्दरूप कैसे कहते हो–सो–ठीक नहीं–क्योंकि, ब्रह्मा आदिकोंको जो आनन्द है वह भी ब्रह्मानन्दका लेश है–उससे परे कोई आनन्द नहीं इस बातका वर्णन करते हैं कि, उस अखण्डानन्दरूप ब्रह्मानन्दके लेशके आश्रय होकर-ब्रह्मा आदि संपूर्ण देवता-तारतम्यसे-अर्थात अपने अपने पुण्यके अनुसार न्यूनाधिक–भावसे आनन्दवाले होते हैं अर्थात् उस अपरिच्छिन्न ब्रह्म का जो आनन्द उसका ही अंश ब्रह्मा आदि देवता-ओंके आनन्दमें झलकता है–और ब्रह्मानंदकी अपेक्षा उनका आनन्द क्षुद्र प्रतीत होताहै–अतएव ब्रह्मानन्दसे परे कोई आनंद नहीं ॥५८ ॥

तद्युक्तमखिलं वस्तु व्यवहारस्त-
दन्वितः ॥ तस्मात्सर्वगतं ब्रह्म
क्षीरे सर्पिरिवाखिले ॥ ५९ ॥

भा०—कदाचित् कहो कि, वह आनन्दरूप ब्रह्म—कहां रहताहै जिसका लेश ब्रह्मा आदिके आनन्दमें है—इस शंकाके उत्तरमें सर्वव्यापी ब्रह्मको दृष्टान्तके द्वारा देशकालसे रहित वर्णन करते हैं—कि, तिस—सच्चिदानन्दरूपसे घट—पट आदि संपूर्ण—वस्तु युक्तहैं—अर्थात् घट पट आदि संपूर्ण पदार्थ प्रकाशित होते हैं—और वचन ग्रहण गमन त्याग आनंद आदि संपूर्ण व्यवहार उस ब्रह्मसेही युक्त(सिद्ध) हैं—सोई गीतामें लिखा है कि, [1]संपूर्ण इन्द्रियोंके गुणोंका प्रकाशक और संपूर्ण इन्द्रियोंसे रहित वह ब्रह्महै—तिससे ब्रह्म संपूर्ण वस्तुओंमें इसप्रकार व्यापक है जैसे संपूर्ण दूधमें घृत व्यापक होकर रहताहै ॥ ५९ ॥

अनणवस्थूलमह्रस्वमदीर्घमजम-

---

१ सर्वेन्द्रियगुणाभासं सर्वेन्द्रियविवर्जितम् ।

व्ययम् ॥ अरूपगुणवर्णाख्यं तद्ब्रह्मेत्यवधारयेत् ॥ ६० ॥

भा०—इसप्रकार प्रपंचमें व्यापक भी परमात्माको असंग होनेसे प्रपंचके धर्मोंमें स्पर्शका अभाव वर्णन करते हैं—आत्मा अणुरूप नहीं अर्थात् सूक्ष्मरूप नहीं और श्रुतिमें जो आत्माको अणुरूप कहाहै—वह इसलिये है कि, आत्मा जाननेके अयोग्यहै—अर्थात् जाननेको कठिनहै—और आत्मा स्थूल (महान्) नहीं—क्योंकि, जिन घट पटआदि पदार्थोंमें महान् बुद्धि हो तो वे अनित्य हैं और श्रुतिमें जो आत्माको महान्से महान् कहाहै वह सबके अधिष्ठान आत्माकी श्रेष्ठताके तात्पर्यसे है कुछ महान् पदका परिमाण अर्थ नहीं और आत्मा ह्रस्व और दीर्घ परिमाणसे रहितहै और अज अव्यय अर्थात् जन्म और

मरणसे रहितहै और रूप–गुण–ब्राह्मण आदि वर्णोंसे रहित है वह ब्रह्म है ऐसा मुमुक्षु पुरुष निश्चय करै ॥ ६० ॥

यद्भासा भासतेऽर्कादिर्भास्यैर्यत्तु न भास्यते ॥ येन सर्वमिदं भाति तद्ब्रह्मेत्यवधारयेत् ॥ ६१ ॥

भाषार्थ–जिस ब्रह्मकी–भासा (तेज) से–सूर्य आदिका प्रकाश होताहै–और प्रकाश करने योग्य सूर्य आदि जिस ब्रह्मको प्रकाश नहीं करसक्ते–और जिससे यह संपूर्ण जगत् प्रकाशित होताहै–वह ब्रह्महै–ऐसा निश्चय मुमुक्षु पुरुष करै–अर्थात् प्रकाश करनेवाले सूर्य आदिका भी प्रकाशक–ब्रह्मको समझे ॥ ६१ ॥

स्वयमंतर्बहिर्व्याप्य भासयन्न-

खिलं जगत् ॥ ब्रह्म प्रकाशते वह्नि-
प्रतप्तायसपिंडवत् ॥ ६२ ॥

भा०–इसप्रकार विदेह–कैवल्यमें स्थितिको कहकर–परम पुरुषार्थके (मोक्ष) तत्त्ववेत्ताके–निश्चयको कहते हैं–पूर्वोक्त ब्रह्म–ब्रह्मरूपसे जगत्के बाहर–भीतर व्यापक होकर–संपूर्ण जगत्को प्रकाश करता हुआ स्वयंभी–इसप्रकार प्रकाशता है जैसे–अग्निसे तपायमान–लोहके–पिण्डमें–सर्वत्र व्याप्त होकर अग्नि–प्रकाशित होता है ॥ ६२ ॥

जगद्विलक्षणं ब्रह्म ब्रह्मणोऽन्यन्न
किंचन ॥ ब्रह्मान्यद्भाति चेन्मि-
थ्या यथा मरुमरीचिका ॥ ६३ ॥

भा०–ब्रह्म जगतसे विलक्षण है–अर्थात्–जड़-

मिथ्या और दुःखरूप जगत्की अपेक्षा सच्चित् आनंदरूप ब्रह्म भिन्न है—और ब्रह्मसे अन्य कुछ भी नहीं है और जो ब्रह्मसे भिन्न—घट पट आदि पदार्थ प्रतीत होते हैं वे—इसप्रकार मिथ्या हैं जैसे—मरु-देशके रेतमें—मरीचिका (अर्थात् जलके कण-अथवा तेजका पुंज) प्रतीत होताहै—वास्तवमें ब्रह्मही सत्यहै उससे भिन्न सब मिथ्या है ॥ ६३ ॥

दृश्यते श्रूयते यद्यद्ब्रह्मणोऽन्यन्न तद्भवेत् ॥ तत्त्वज्ञानाच्च तद्ब्रह्म सच्चिदानंदमद्वयम् ॥ ६४ ॥

भा०—फिर भी पूर्वोक्तका ही प्रत्यक्ष—स्वरूपसे वर्णन करते हैं—कि, ब्रह्मसे भिन्न जो कुछ दीखताहै वा—कानोंसे सुना जाताहै—और मनसे स्मरण किया जाताहै वह सब ब्रह्मसे भिन्न नहीं है—और तत्त्वज्ञानसे वह ब्रह्म सत् चित्—आनन्द—अद्वैत-स्वरूपहै ॥ ६४ ॥

सर्वगं सच्चिदात्मानं ज्ञानचक्षुर्नि-
रीक्षते ॥ अज्ञानचक्षुर्नेक्षेत भा-
स्वंतं भानुमंधवत् ॥ ६५ ॥

भा०-कदाचित् कहो कि, सच्चिदानंद ब्रह्म-सर्वव्यापकहै-तो सर्वत्र क्यों नहीं दीखता-सो ठीक नहीं-सर्वव्यापी भी ब्रह्मतत्त्व ज्ञानियोंको दीखताहै अज्ञानियोंको नहीं कि, सर्वत्र व्यापक भी सत चित्-आनन्द-रूप आत्माको-वही पुरुष देखताहै, जिसके ज्ञानरूपी नेत्र विद्यमानहैं-और जो अज्ञान चक्षु है अर्थात् जिसकी दृष्टि अज्ञानसे आवृतहै वह पुरुष अपने सच्चिदानंदरूप आत्माको इस-प्रकार नहीं देखता (जानता) है जैसे प्रकाश-मान् सूर्यको नेत्रहीन (अंधा) पुरुष नहीं देखताहै ॥ ६५ ॥

श्रवणादिभिरुद्दीप्तो ज्ञानाग्निपरि-

तापितः ॥ जीवः सर्वमलान्मुक्तः
स्वर्णवद्द्योतते स्वयम् ॥ ६६ ॥

भा०—कदाचित् कहोकि ज्ञानचक्षु पुरुषोंका विवेकसे देह इंद्रियोंमें अध्यासरूप मलके दूर होनेपरभी पूर्व जन्मके अध्याससे संसारकी वासनाके वशीभूत होकर फिर भी अहं मनुष्यः (मैं मनुष्य हूं) ऐसा देहरूप बंधन प्रतीत होताहै तो आत्मस्वरूपमें स्थिति मुक्ति कैसी होसकतीहै इस शंकाका उत्तर देते हैं कि, श्रवण, मनन, निदिध्यासन आदिसे भली प्रकार प्रज्वलित जो ज्ञानरूप अग्नि तिससे परितापित (युक्त)जो जीव है वह संपूर्ण मलोंको त्यागकर अर्थात् अज्ञानसे निवृत्त होकर सुवर्णके समान स्वयँही प्रकाशरूप होता है भावार्थ यह है कि, सच्चिदानंदरूप होकर प्रकाश होनेपर मैं मनुष्य हूं यह अध्यास फिर नहीं होता है ॥६६॥

हृदाकाशोदितो ह्यात्मा बोधभानुस्तमोऽपहृत्॥ सर्वव्यापी सर्वधारी भाति सर्वं प्रकाशते॥६७॥

भा०—कदाचित् कहो कि,इस प्रकार शुद्धहुए आत्माका क्या रूप होता है और कहां प्रकट होता है और किसको प्रकाशता है इस शंकाका उत्तर देते हैं कि, इस प्रकार जीव ब्रह्मकी एकताके ज्ञानसे शुद्ध हुआ निर्मल बोधरूप सूर्य (आत्मा) हृदयाकाशमें उदय होकर अंधकाररूप अन्तःकरणके मलको हरता (नाशता) है और सबका प्रकाश करता है आप स्वयंप्रकाशरूप है कदाचित् कहो कि हृदयाकाशको परिच्छिन्न(नाशवान्) होनेसे आत्मा भी तिसके संग परिच्छिन्न होजायगा इस शंकाका उत्तर देते हैं कि, आत्मा सर्वव्यापी है अर्थात् जगत्में पूर्ण है और सबका आधार है

अर्थात् अज्ञानके कार्य जगत्का अधिष्ठान है तात्पर्य यह है कि भ्रमरूप हृदयाकाश व्यापकरूप आत्माका नाशक नहीं होसकता ॥ ६७ ॥

दिग्देशकालाद्यनपेक्ष्य सर्वगं शी-
तादिहृन्नित्यसुखं निरंजनम् ॥ यः
स्वात्मतीर्थं भजते विनिष्क्रियः स
सर्ववित्सर्वगतोऽमृतो भवेत् ॥ ६८ ॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीमच्छं-
कराचार्यकृत आत्मबोधः समाप्तः ॥

भा०–अब आत्मतत्त्वज्ञानको तीर्थरूप वर्णन करते हैं और कर्म और सब तीर्थ और सब देवताओंकी सेवाका जो फल है उसकी अपेक्षा उत्तम फल आत्मज्ञानरूप तीर्थका है क्योंकि, आत्माकी सेवासे संपूर्ण सेवाओंकी आकांक्षा शांत होजाती है–कदाचित् कहो कि तत्त्वज्ञानी भी स्वाभा-

विक पापोंके दूर करनेकेलिये प्रयागआदि तीर्थोंका सेवन करते हैं तो आत्मज्ञानको स्वर्णके समान प्रकाशमान् और संपूर्ण मलसे रहित कैसे कहते हो इस शंकाके उत्तरमें आत्मरूप तीर्थमें स्नानके कर्त्ताको कुछ भी कर्तव्य नहीं इसका वर्णन करते है कि, दिशा (पूर्व आदि) और देश (कुरु आदि) काल (भूत आदि) इन सबकी अपेक्षासे रहित और सर्वत्र व्यापकरूप– और शीत आदिके नाशक अर्थात् शीत उष्ण आदि द्वंद्वके नाशक और सर्वदा सुखरूप और निरंजन अर्थात् मायाके कार्य जगत्रूप मलसे रहित जो आत्मारूप तीर्थ उसको जो मनुष्य क्रिया (कर्म) ओंसे रहित होकर भजता है अर्थात् सब कर्मोंको त्यागकर जो आत्मतीर्थके विचारमें तत्पर रहता है सर्वमें व्यापक हुआ और

सबका ज्ञाता वह अमृतरूप होजाता है अर्थात् जो आत्मतत्त्वका श्रवण मनन निदिध्यासन आदिके द्वारा विचार करते हैं वे सबके ज्ञाता हैं और जो जन्ममरणरूप संसारके अभावका फल उनको मिलता है वह किसी तीर्थाटन आदि कर्म करनेवालेको नहीं मिलताहै अतएव मुमुक्षु पुरुषोंको आत्मतीर्थकी सेवा करना अत्यंत आवश्यकहै ॥ ६८ ॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीमच्छंकराचार्य्यकृतात्मबोधस्य पंडितमिहिरचंद्रकृतभाषाविवृतिः समाप्ता ॥

पुस्तक मिलनेका ठिकाना—
खेमराज श्रीकृष्णदास,
"श्रीवेङ्कटेश्वर" स्टीम्–प्रेस बंबई.

क्रय्यपुस्तकें (वेदान्तग्रंथाः)

नाम.	की. रु. आ.
ब्रह्मसूत्रम्–(शारीरक) व्यासप्रणीतः शंकराचार्यकृत शांकरभाष्य और गोविन्दानंदकृत रत्नप्रभाटीकासहित व्यासाधिकरणमाला और शांडिल्यकृत भक्तिसूत्र स्वप्नेश्वराचार्यकृत भाष्य समेत छपता है।	
ब्रह्मसूत्र–(शारीरक) "वेदान्तदर्शन" प्रभूदयालकृत वेदान्ततत्त्वप्रकाश भाषाभाष्यसमेत मुमुक्षुओंको अतिसुगमतासे सुबोध ज्ञानोपयोगी बहुत सरल भाषामें	४)
ब्रह्मसूत्र–(वेदान्तदर्शन) सरल भाषाटीकामें भाष्यानुसार	१।)

वेदान्तपरिभाषा–शिखामणिटीका और
मणिप्रभाटीका सहित ... ... २॥)
वेदान्तपरिभाषा–अर्थदीपिका टीका समेत १)
वेदान्तपरिभाषा–साधु गोविन्दासिंहकृत
अत्युत्तम भाषाटीकासमेत ... ... १=)
वेदान्तसार–संस्कृतमूल और संस्कृत
टीका व भाषाटीकासमेत इसमें संपूर्ण
वेदान्तका तत्वरूपसार वर्णित है ॥)
वेदान्तसंज्ञा–भाषाटीकासमेत इस छोटेसे
ग्रंथके अभ्याससे वेदान्तकी संज्ञादि
प्रक्रिया जाननेसे पंचदशी आदि बडे
ग्रंथोंको सुगमतासे समझ सकैंगे ... ।=)
वेदस्तुति–श्रीयुत बाबू सीतारामजीकृत
भाषाटीकासमेत श्रीमद्भागवतान्तर्गत
दशमस्कंधोत्तरार्धके ८७ वें अध्यायमें

श्रीकृष्ण भगवान्ने श्रुतदेव ब्राह्मण और राजाबहुलाश्वको सन्मार्गनाम वेद मार्गका उपदेश किया है अर्थात् इस श्रुतिमें समस्तवेद ब्रह्मप्रतिपादन किया है ... . ॥)

वेदान्त ग्रंथपंचकम्—(वाक्यप्रदीपः वाक्य-सुधारसः हस्तामलकः निर्वाणपंचकम् मनीषापंचकम्) यह पांचोंग्रंथ अवश्य विचारने योग्य हैं ... ... ॥)

वैराग्यभास्कर—श्रीस्वामि गोपालदास विर-चित स्वकृत संस्कृत कारिका और भाषाटीकासमेत इसमें वैराग्यभेदादि संन्यासधर्म निषिद्धान्नत्यागात्मकधर्म और संकीर्ण धर्मादि वर्णन हैं. ... ॥)

वेदस्तुति—अन्वितार्थप्रकाशिकाख्य टीका समेत ... ... ≈)

अपरोक्षानुभूति—श्रीशंकराचार्यकृत और स्वामि विद्यारण्य मुनिकृत दीपिकासहित और पंडितरामस्वरूपजीकृत भाषाटीकासमेत जिसमें संक्षेपसे वेदान्तप्रक्रियाका सरल रीतिसे वर्णन है ... ॥=)

अष्टावक्रगीता—भाषाटीकासमेत. श्रीअष्टावक्रमुनि प्रणीत गुरुशिष्यसंवादमें ब्रह्मविद्याजाननेका अतिसरल सुगमोपाय १)

पंचदशगीता—भाषाटीकासमेत जिसमें श्रीमहाभारतान्तर्गत काश्यपगीता शौनकगीता अष्टावक्रगीता अध्याय४नहुषगीता अध्याय २ सरस्वतीगीता युधिष्ठिरगीता अध्याय ४ बकगीता. धर्मव्याधगीता श्रीकृष्णगीतादिकका एकत्र संग्रहहै ... ... ॥।)